## संक्षिप्त खबरें

### लघुकथा में 'अनकहे' का महत्व अधिक: घनश्याम मैथिल

**जागरण, भोपाल।** लघुकथा शोध केंद्र समिति द्वारा आयोजित साप्ताहिक बुधवारीय गोष्ठी एवं विमर्श में वरिष्ठ लघुकथाकार घनश्याम मैथिल 'अमृत' ने कहा कि लघुकथा में कहे से अधिक अनकहे का महत्व होता है और उसका प्रभावी अंत पाठक को झकझोरते हुए चिंतन के लिए प्रेरित करता है। वे लघुकथाकार वंदना अतुल जोशी के लघुकथा पाठ पर मुख्य समीक्षक के रूप में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक कांता राय के स्वागत उद्बोधन से हुई, जिसमें उन्होंने ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। वंदना अतुल जोशी ने 'पैकेज', 'संवेदना', 'संतुष्टि', 'मजबूत' और 'जवाब' जैसी समसामयिक विषयों पर आधारित लघुकथाओं का प्रभावी पाठ किया, जिनमें युवा वर्ग, सामाजिक असमानता, महिला स्थिति और दहेज जैसे मुद्दे उभरे। इन रचनाओं पर अनिल कुमार, नितिन उपाध्याय, अपराजिता शर्मा, भगवती मित्तल, अलका अग्रवाल और डॉ. मिथिलेश अवस्थी ने संक्षिप्त टिप्पणियां दीं। अंत में वंदना जोशी ने आभार व्यक्त किया। प्रदेश व देश के अनेक साहित्यकार उपस्थित रहे।

### सरकारी स्कूलों में डिजिटल बदलाव 1040 शिक्षकों को एआई प्रशिक्षण

**जागरण, भोपाल।** मध्यप्रदेश में सरकारी स्कूलों की शिक्षा को डिजिटल और आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई है। राच्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान (एसआईईएमएटी) ने पिरामल फाउंडेशन और माइक्रोसॉफ्ट के सहयोग से 'एलिवेटेड फॉर एजुकेटर्स' कार्यक्रम का शुभारंभ किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों और विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित शिक्षण से जोड़ते हुए उन्हें भविष्य की डिजिटल आवश्यकताओं के लिए तैयार करना है। इसके तहत पीएम श्री विद्यालयों और डायट संस्थानों के 1040 शिक्षकों को भोपाल में विभिन्न बैचों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षक आगे चलकर मास्टर फैसिलिटेटर की भूमिका निभाएंगे और अपने-अपने जिलों में अन्य शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे। कैस्केड मॉडल पर आधारित इस पहल में मास्टर ट्रेनर्स को डायट संस्थानों में 36 घंटे का उन्नत प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद ये शिक्षक अपने विद्यालयों में कम से कम चार अन्य शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे, जिससे प्रशिक्षण का दायरा तेजी से बढ़ेगा। साथ ही चयनित जिलों में 160 से अधिक एआई शोकेस स्कूल भी स्थापित किए जाएंगे। शिक्षकों के लिए प्रमाणित व्यावसायिक विकास मॉड्यूल और विद्यार्थियों के लिए एआई फ्लुएंसी मॉड्यूल शामिल हैं। इसके माध्यम से डिजिटल समस्या समाधान, रचनात्मक सोच और कोडिंग जैसे महत्वपूर्ण कौशल विकसित किए जाएंगे।

### 'खाला कमाल की' नाटक 21 मई को

**जागरण, भोपाल।** शहर में एक बार फिर चर्चित हिंदी नाटक 'ख़ाला कमाल की' का मंचन 21 मई 2026 को शाम 6 बजे रवींद्र भवन में किया जाएगा। यह प्रस्तुति वुमेन एजुकेशन एम्पावरमेंट सोसाइटी (वीस) द्वारा आयोजित की जा रही है, जबकि इसे अदाकार ग्रुप मंचित करेगा। कार्यक्रम में बेगम्स ऑफ भोपाल क्लब आतिथ्य की भूमिका निभाएगा। नाटक में भोपाली तहज़ीब, गंगा-जमुनी संस्कृति, भाईचारा और इंसानियत का संदेश प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही महिला सशक्तिकरण को केंद्र में रखते हुए एक मजबूत महिला के संघर्ष, आत्मसम्मान और हिम्मत की कहानी को दर्शाया जाएगा। 'खाला' का किरदार समाज में सकारात्मक सोच और हौसले के साथ चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा देता है।

### युवा शायरों के लिए 'अभय शुक्ला स्कॉलरशिप' की शुरुआत

**जागरण, भोपाल।** कला और संस्कृति केंद्रित कार्यक्रमों के लिए पहचाने जाने वाले छतनारा समूह ने युवा शायरों को प्रोत्साहित करने के लिए नई पहल की है। समूह मरहूम शायर अभय शुक्ला की स्मृति में 'अभय शुक्ला युवा शायर स्कॉलरशिप' शुरू करने जा रहा है। इस स्कॉलरशिप के तहत हर वर्ष तीन चयनित शायरों को उनकी रचनात्मक उत्कृष्टता के आधार पर सम्मानित किया जाएगा। चयनित प्रतिभागियों को क्रमशः 21 हजार, 15 हजार और 11 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। अभय शुक्ला कम उम्र में ही एक प्रतिभाशाली शायर और प्रभावशाली वक्ता के रूप में पहचान बना चुके थे। उन्हें कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। उनके ग़ज़ल संग्रह 'लम्स' का विमोचन भी हो चुका है। वे छतनारा समूह से गहराई से जुड़े रहे। समूह की निदेशिका मोहिनी शर्मा ने बताया कि यह स्कॉलरशिप अभय शुक्ला की स्मृति को समर्पित है। इसके लिए 40 वर्ष से कम आयु के शायर आवेदन कर सकते हैं। दिए गए नंबर पर व्हाट्सएप से निःशुल्क पंजीयन कर सकते हैं।

### ट्रक ने आटो को पीछे से मारी टक्कर, महिला की मौत, तीन घायल

**भोपाल।** खजूरी सड़क इलाके में एक तेज रफ्तार ट्रक ने सवारी आटो को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। घायलों का हमीदिया अस्पताल में अस्पताल में इलाज चल रहा है। इधर, घटना के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से भाग निकला। पुलिस चालक की तलाश में जुटी है। पुलिस ने बुधवार को पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के मुताबिक, 50 वर्षीय अंगूरी बाई सोनी पति महेश सोनी खजूरी सड़क में रहती थीं। वह भोपाल टीबी अस्पताल में गार्ड की नौकरी करती थीं। रोजाना की तरह बुधवार अलसुबह छह बजे वह ड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकली थीं। प्रियंका होटल के सामने उन्होंने कुबरेश्वर धाम की ओर से आने वाले एक आटो को हाथ देकर रोका।

# साहब! दबंग ने मेरी जमीन पर कब्जा कर लिया, दे रहा मारने की धमकी

## सुबह 11 से 1 बजे तक आम लोगों से मिलेंगे कलेक्टर, आवेदन लेकर पहुंचे पीड़ित

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** साहब! अब मेरे पास आत्महत्या के अलावा और कोई रास्ता नहीं बचा है। मेरी पुश्तैनी जमीन पर एक दबंग ने जबरन क्रेशर लगा दिया है और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। यह पीड़ा लेकर बुधवार को 76 वर्षीय किसान देवगस कलेक्ट्रेट पहुंचा और रोते हुए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को अपनी पीड़ा बताई।

तहसील हुजूर के ग्राम धनोरा से आए बुजुर्ग किसान ने कलेक्टर के सामने अपनी व्यथा रखते हुए कहा कि जमीन के दस्तावेज उसके नाम होने के बावजूद पटवारी, आरआई, तहसीलदार और एसडीएम स्तर पर की गई शिकायतों का कोई नतीजा नहीं निकल रहा है। दबंग के हौसले इतने बुलंद हैं कि वह अपना नाम तक नहीं बताता। मामले को देखते हुए कलेक्टर ने एसडीएम हुजूर विनोद सोनकिया को जांच सौंपी है। मंगलवार को हुई जनसुनवाई के बाद भी कई लोग जमीन, घरेलू विवाद और छात्रवृत्ति जैसी समस्याओं को लेकर कलेक्टर से मिलने पहुंचे। कलेक्टर ने अवकाश का दिन छोड़ अन्य सभी दिनों में सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक आम लोगों से मिलने का समय निर्धारित किया हुआ है। इस दौरान भीड़ बढ़ने पर



कलेक्टर खुद केबिन से बाहर आए और एक-एक कर लोगों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने मौके पर ही एसडीएम गोविंदपुरा और जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक को तलब कर आवेदनों के त्वरित निराकरण की जिम्मेदारी सौंपी।

### हंगामा करने वाली महिला को दी नसीहत

सुनवाई के दौरान एक महिला ने जब काम न होने की शिकायत करते हुए हंगामा शुरू किया और कलेक्टर के स्टाफ से अभद्रता करने लगीं तो कलेक्टर ने महिला को हिदायत देते हुए कहा कि कभी भी किसी स्टाफ के साथ अभद्रता न करें और मर्यादा में रहने की नसीहत दी। बता दें कि यह महिला पूर्व में भी कई बार हंगामा कर चुकी है। इस पर कलेक्टर ने कहा कि आप स्टाफ के साथ शालीनता से पेश आएं, आपकी समस्या का समाधान जरूर होगा। उन्होंने महिला के मामले में पुलिस कमिश्नर से चर्चा करने की बात भी कही।

# रहस्यमयी तरीके से महिला लापता, पति का आरोप- किन्नर गिरोह ने बनाया बंधक

## तीन राज्यों के 12 किन्नर ठिकानों पर तलाशा

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** श्यामला हिल्स इलाके से एक महिला रहस्यमयी तरीके से घर से गायब हो गई। पति का आरोप है कि किन्नर गिरोह ने पत्नी को बंधक बना रखा है। पत्नी की आखिरी लोकेशन आगरा स्टेशन आई थी, जहां पर उसका मोबाइल बंद हुआ। वह तीन राज्यों में किन्नर के 12 ठिकानों पर पत्नी को तलाश चुका है, लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिली है। अब पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर से पत्नी की खोज की गुहार लगाई है। मामले में श्यामला हिल्स में महिला की गुमशुदगी दर्ज है। पुलिस अपने स्तर पर उसकी खोज में जुटी है। मूलतः सीहोर निवासी जुबेर कुरैशी (30) वर्तमान में श्यामला हिल्स इलाके में रहता है। उसने पुलिस को शिकायती आवेदन देकर बताया कि उसकी 23 वर्षीय पत्नी मोहम्मदी उर्फ आयशा को राजस्थान का एक किन्नर गिरोह ने अगवा कर बंधक बना रखा है। उसकी पत्नी फरवरी 2026 से लापता है। पत्नी की जान को खतरा है। जुबेर ने पुलिस को बताया कि करीब दो साल पहले उसकी मुलाकात आयशा से एक रिश्तेदार सोनू ढोल वाले के माध्यम से हुई थी। उस समय आयशा कथित तौर पर एक किन्नर समूह के साथ रह रही थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच बातचीत बढ़ी, जो प्रेम संबंध में बदल गई। बाद में दोनों ने शादी कर ली और भोपाल में साथ रहने लगे। 15 फरवरी को काम के सिलसिले में सीहोर गया था। जब वह वापस लौटा तो पत्नी गायब मिली। घर में रखे 40 हजार रुपए और जेवर भी गायब थे। बहुत खोजने के बाद उसने एक मार्च को गुमशुदगी दर्ज करवाई थी।

### काफी डरी थी, लगा जैसे बंधक बनाया हो

जबकि जुबेर का कहना है कि लापता होने के बाद 19 फरवरी को उसे आयशा के मोबाइल नंबर से कॉल आया था। उस दौरान वह काफी डरी हुई लग रही थी। उसने फोन पर बताया कि सोनू ढोलक वाला नाम के व्यक्ति और कुछ किन्नरों ने उसे बंधक बना रखा है। जुबेर ने उसकी तलाश में मध्य प्रदेश समेत राजस्थान, यूपी के 12 किन्नर डेरा पर पत्नी की तलाश की, लेकिन वह नहीं मिली।

# तुलसी नगर स्थित नगर निगम का नवीन मुख्यालय सीएम आज करेंगे लोकार्पित

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** तुलसी नगर के सेकंड स्टॉप स्थित नगर निगम के नवीन मुख्यालय अटल भवन का लोकार्पण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सुबह 9 बजे करेंगे। निगम मुख्यालय की आठ मंजिला इमारत में शहर वासियों को एक ही स्थान पर निगम से जुड़ी सभी सुविधाएं मिलेंगी। शहरवासियों को अपने कामों के लिए अब भटकना नहीं पड़ेगा। नगर निगम के सभी विभाग एक ही परिसर में संचालित होंगे, जिससे प्रमाण पत्र, अनुज्ञा और आवेदन संबंधी काम आसानी से हो सकेंगे। मुख्यालय के साथ ही मुख्यमंत्री नीमच में स्थापित निगम के 10.5 मेगावाट सोलर प्रोजेक्ट का भी लोकार्पण करेंगे, जो पर्यावरण संरक्षण और बिजली बचत की दिशा में बड़ा कदम है। इस अवसर पर नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर मालती राय सहित कई कैबिनेट मंत्री और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।



### सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट और कमेंट्स पर सख्ती

**जागरण, भोपाल।** पुलिस कमिश्नरेट ने आपत्तिजनक पोस्ट और कमेंट्स पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत अब सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट और उस पर होने वाले भड़काऊ कमेंट्स पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया पर केवल पोस्ट ही नहीं बल्कि उन पर आने वाले कमेंट्स और क्रॉस-कमेंट्स के जरिए नफरत फैलाने का कारण बन रहे हैं। कई मामलों में बिना तथ्यों की जांच किए लोग आपत्तिजनक, अश्लील और धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। जिससे शहर का माहौल बिगड़ने का खतरा है।

### अरेरा हिल्स में सीढ़ियों से गिरने पर 6 साल की बच्ची की मौत

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** अरेरा हिल्स इलाके में सीढ़ियों से गिरने पर छह साल की बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हिवा (6) पिता असफाक रहीम रोशनपुरा झुग्गी बस्ती में रहती थी। मंगलवार को वह अपने काम पर चले गए। उसकी पत्नी घरेलू काम में व्यस्त थी। सुबह करीब साढ़े 10 बजे हिवा खेलते-खेलते घर की सीढ़ियों पर चढ़ गई। जोकि 14 थीं। उतरते समय वह दो सीढ़ी नीचे आई थी कि गिर गई। हादसे में बच्ची के सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई थी। परिजन तुरंत उसे जेपी अस्पताल ले गए। जहां से उसे एम्स रेफर किया। एम्स में इलाज के दौरान बुधवार शाम को बच्ची ने दम तोड़ दिया।

## पीसीएमएस में एमबीबीएस बैच 2020 का दीक्षांत समारोह आयोजित

# नवस्नातक डॉक्टरों को समाज सेवा और नैतिकता के साथ कार्य करने का संदेश

**जागरण, भोपाल।** पीपुल्स कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर (पीसीएमएस एंड आरसी) में एमबीबीएस बैच 2020 का दीक्षांत समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और विशिष्ट अतिथि पीपुल्स ग्रुप के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रोहित पंडित उपस्थित रहे। अतिथियों का पारंपरिक स्वागत संस्थान परिवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह तोमर ने नवस्नातक डॉक्टरों से समाज सेवा के प्रति समर्पण और चिकित्सा क्षेत्र में उच्च मानकों को बनाए रखने का आह्वान किया। वहीं रोहित पंडित ने विद्यार्थियों को नैतिकता, करुणा और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संदेश दिया। कुलपति प्रो. डॉ. हरीश राव ने इसे विद्यार्थियों के जीवन में नई जिम्मेदारियों की शुरुआत बताया, जबकि डीन डॉ. राजेश गौरे ने उनके उच्च्वल भविष्य की कामना की।



# शांत वातावरण और स्वच्छ जल में विचरण करने वाला इंडियन स्कीमर भोपाल में दिखा

## कलियासोत डैम और भदभदा के पास लगातार दिखाई दे रहा है ये पक्षी

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शांत वातावरण और साफ पानी में विचरण करने वाला दुर्लभ पक्षी इंडियन स्कीमर इन दिनों भोपाल में डेरा डाले हुए हैं। वन विहार राष्ट्रीय उद्यान से मिली खबर के अनुसार यह पक्षी अक्सर स्वच्छ जलाशयों और बेहद शांत वातावरण में रहता है। थोड़ा सा भी शोर होने पर यह पक्षी वह स्थान छोड़ देता है, लेकिन यह काफी समय से कलियासोत डैम और भदभदा क्षेत्र के आसपांस देखा जा रहा है। जिससे पक्षी प्रेमियों और पर्यावरणविदों में उत्साह का माहौल है। वहीं शहरी की जैव विविधता के लिए भी यह बेहतर संकेत है। यदि इसी तरह शहर में विभिन्न प्रजातियों के पक्षी डेरा डालने लगे, तो शहर के भीतर ईको टूरिज्म की संभावनाएं पैदा की जाएंगी, जिसका सीधा लाभ शहर की अर्थव्यवस्था पर होगा। साथ ही स्कीमर के शहर में डालने से यह भी स्पष्ट हो रहा है कि भोपाल के बड़े तालाब और कलियासोत डैम का पानी लगातार प्रयासों से स्वच्छ हो रहा है।



### आवास उपलब्ध होने पर ही तट पर बनाता है घर

इंडियन स्किमर अत्यंत संवेदनशील जलीय पक्षी माना जाता है। पानी के पूरी तरह स्वच्छ होने, वातावरण शांत होने के अलावा तालाब के तटों पर उपयुक्त प्राकृतिक आवास उपलब्ध होने पर ही यह घर बनाता है। भोपाल के शहरी जलाशयों के पास इसका दिखाई देना इस बात का प्रमाण है कि कलियासोत और भदभदा क्षेत्र का पारिस्थितिक तंत्र अब पक्षियों के लिए पूरी तरह अनुकूल हो चुका है और यहां शोर शराबा भी कम है। वन विहार राष्ट्रीय उद्यान के असिस्टेंट डायरेक्टर वीरेंद्र सिंह के अनुसार जलाशयों की सफाई, ग्रीन बेल्ट का विकास और पक्षी प्रेमियों और की जागरूकता के चलते ही यह दुर्लभ पक्षी भोपाल के आसपास डेरा डाल रहा है।

# कैब चालक को बंधक बनाकर पीटा, कार लेकर लुटेरे फरार

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** मंगलवारा इलाके से कैब बुक कर बदमाश चालक को ईंटखेड़ी इलाके में ले गए, जहां उसे बंधक बनाकर पीटा और कार लूटकर भाग निकले। पेट्रोल पंप पर कूदकर किसी तरह पीड़ित ने अपनी जान बचाई। इसके बाद श्यामपुर दोराहा थाने पहुंचा। पुलिस ने उसका इलाज करवाया। इसके बाद वह अपने गांव चला गया। श्यामपुर दोराहा पुलिस ने जीरो पर केस दर्ज कर डायरी ईटखेड़ी पुलिस को भेज दी है। ईंटखेड़ी पुलिस ने असल कयमी की है। घटना 20 दिन पुरानी है। इटावा यूपी पुलिस ने एक आरोपी को अन्य मामले में गिरफ्तार कर लिया है। ईंटखेड़ी पुलिस के मुताबिक, मूलतः उमरिया निवासी 24 वर्षीय अंकित जायसवाल भोपाल में रहकर पढ़ाई करता है। पार्ट टाइम में वह टैक्सी चलाता है। बीती 13-14 अप्रैल की दरम्यानी रात अंकित ने दो सवारी मंगलवारा थाना स्थित पेट्रोल पंप से बैठाई थीं। उन्हें भोपाल मेमोरियल अस्पताल जाना था। सिंधी कालोनी, काजी कैम्प होते हुए अंकित लांबाखेड़ा पहुंचा। यहां दोनों युवकों ने अंकित से मारपीट कर उसे बंधक बना लिया। वह उसे श्यामपुर दोराहा ले गए। जहां कार में पेट्रोल भरवाते समय अंकित कार से कूद कर भाग निकला। बदमाशों ने उसका पीछा किया, लेकिन अंकित भागने में सफल हो गया। बदमाश उसकी कार लेकर फरार हो गए। इसके बाद अंकित थाने पहुंचा और आपबीती सुनाई। श्यामपुर दोराहा पुलिस ने उसका इलाज कराया। इलाज के बाद अंकित अपने गांव चला गया। इधर, मामले की जांच में सामने आया कि घटना ईंटखेड़ी की है तो श्यामपुर पुलिस ने जीरो पर केस दर्ज कर डायरी भेज दी।


## कार्यालय संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं, भोपाल संभाग भोपाल

("डी" ब्लॉक पुराना, सचिवालय भोपाल)

क्रमांक/परिसमापन/2026/545 — भोपाल, दिनांक 4/05/2026

### कारण बताओ सूचना पत्र

(म. प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 18 (क) के अन्तर्गत)

कार्यालय संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं भोपाल संभाग भोपाल के अंतर्गत पंजीकृत सहकारी संस्थाओं के वर्ष 2024-25 के प्रभारी अंकेक्षकों ने सहकारी संस्थाओं के संबंध में म.प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 18 (क) के अन्तर्गत पंजीयन निरस्त करने हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया है। उक्त प्रस्ताव अनुसार संस्थाएं विगत कई वर्षों से अकार्यशील हैं एवं संस्थाओं के द्वारा अपने उद्देश्यों की पूर्ति हेतु कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। अतः उनका पंजीयन जीवित रखा जाना अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप आवश्यक प्रतीत नहीं होता है। प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार संस्थाओं की सूची निम्न अनुसार है:-

| क्र. | संस्था का नाम | पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक | कार्यालय संयुक्त आयुक्त सहकारिता द्वारा जारी कारण बताओ सूचना पत्र का क्र. एवं दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | सुरेश इलेक्ट्रानिक एवं कम्प्यूटर इंस्ट्रूमेंट निर्माण औद्योगिक सहकारी समिति मर्यादित भोपाल | जे.आर.बी 1167 दिनांक 14.03.2013 | 540/30.04.2026 |
| 2 | समग्र पर्यटन स्थल सेवा विकास सहकारी समिति मर्यादित भोपाल | जे.आर.बी 25 दिनांक 13.05.2016 | 542/30.04.2026 |

अतः उपरोक्त सूची में उल्लेखित सहकारी संस्थाओं के समप्रवर्तकों, संचालक मण्डल और संस्था के सदस्यों को म.प्र. सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 18 (क) के अंतर्गत इस लोक सूचना के माध्यम उपरोक्त संस्थाओं का रजिस्ट्रीकरण समाप्त करने के संबंध मे पक्ष प्रस्तुत करने हेतु सूचित किया जाता है कि रजिस्ट्रीकरण समाप्त करने के संबंध में यदि किसी को अपना पक्ष प्रस्तुत करना हो तो इस सूचना प्रकाशन के 10 दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। यदि कोई व्यक्तिगत रूप से पक्ष प्रस्तुत करना चाहता हो तो दिनांक 22.05.2026 को मेरे समक्ष कार्यालय संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं भोपाल संभाग भोपाल, डी ब्लॉक पुराना सचिवालय भोपाल में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त समयावधि में कोई पक्ष समर्थन प्रस्तुत नहीं होने अथवा पक्ष समर्थन समाधानकारक नहीं होने की स्थिति में प्रस्तावित आदेश पारित कर दिया जावेगा।

यह कारण बताओ सूचना पत्र आज दिनांक 04.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा जारी किया गया।

(के.के. द्विवेदी)
संयुक्त पंजीयक
सहकारी संस्थाएं,
भोपाल संभाग भोपाल

जी-12517/26

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार



## कार्यालय नगर पालिक निगम सागर

क्र./नामा. शा./न.नि./2026-27/1 — सागर दिनांक 5/5/26

### -:: सूचना ::-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, नगर पालिक निगम सागर सीमान्तर्गत नीचे दिए गए भवन/प्लाटों पर नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्राप्त हुए हैं। अतः इस संबंध में जिन व्यक्तियों को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी लिखित आपत्ति सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के अन्दर आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर के नाम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र. | प्र.क्र. | वार्ड का नाम भवन/प्लाट | किस आधार पर | नाम बेचवार/वसीयनामा/दानदाता/वंशानुक्रम | जिस व्यक्ति का नाम दर्ज होना है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 81/26-27 | तिलकगंज | रजि. बैनामा, शपथपत्र | बिहारीलाल पिता नारायण प्रसाद पटेल | भानू पिता भरत कुमार पटेल |
| 2 | 82/26-27 | तुलसीनगर | रजि. बैनामा, शपथपत्र | कमल कुमार पिता रमेश कुमार | नितारा आटो मोबाईल इन्डस्ट्रीज द्वारा-मनोज कुमार पिता कुदऊँ एवं स्मिता पति मनोज लारिया |
| 3 | 83/26-27 | तिली | रजि. बैनामा, शपथपत्र | न्यू निरमन बिल्डर्स द्वारा राजेश कुमार पिता गुलाब प्रसाद मिश्रा एवं राजकिशोर पिता रामरतन पुरोहित | स्वप्निता पति अजय कुमार चौबे |
| 4 | 84/26-27 | भगतसिंह | रजि. बैनामा, शपथपत्र | साधना पति राजेश एवं ध्रुव कुमार पिता राजेश कुमार मिश्रा | नेहा पति शुभयंक पाण्डेय एवं शुभा पति शुभम पाण्डेय |
| 5 | 85/26-27 | लक्ष्मीपुरा | रजि. बैनामा, शपथपत्र | वन्दना पति श्रीकान्त मिश्रा | ग्याबाई पति हरिशंकर विश्वकर्मा |
| 6 | 86/26-27 | अम्बेडकर | रजि. बैनामा, शपथपत्र | मे श्री एसो. सागर द्वारा पार्ट-आनन्द कुमार पिता वीरेन्द्र कुमार गुप्ता एवं नीलेश कुमार पिता राजकुमार जैन | ज्योति पति राजेश सोनी |
| 7 | 87/26-27 | मोतीनगर | रजि. बैनामा, शपथपत्र | स्व. लक्ष्मीचन्द पिता खूबचन्द जैन | कमलरानी पति स्व. लक्ष्मीचन्द एवं सुनील कुमार पिता स्व. लक्ष्मीचन्द जैन |
| 8 | 88/26-27 | शनीचरी | रजि. बैनामा, शपथपत्र | शंकरलाल पिता स्व. प्यारेलाल श्रीवास्तव | श्यामबाई पति कन्हैयालाल विश्वकर्मा |
| 9 | 89/26-27 | शिवाजी | रजि. बैनामा, शपथपत्र | अंजुम आरा पति नफीस आलम | रोशन आरा पिता शफीक कुरेशी |
| 10 | 90/26-27 | भगत सिंह | मृत्यु-प्रमाण पत्र, शपथ पत्र | स्व. कोमलबाई पति स्व. कन्हैयालाल दुबे | लखनलाल, राजकुमार, विजय कुमार, कृष्ण कुमार, उमाबाई,, ऊषाबाई एवं राधा पुत्र/पुत्री स्व. कन्हैयालाल दुबे |

कृते-आयुक्त
नगर पालिक निगम, सागर


## स्वच्छ ऊर्जा शोध में वैश्विक सहयोग से जुड़ा आईआईआईटी भोपाल

# उन्नत प्रयोगों के जरिए नैनोकणों में ऊर्जा प्रक्रिया पर अध्ययन

**जागरण, भोपाल।** स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आईआईआईटी भोपाल के शोधकर्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण पहल की है। संस्थान की सहायक प्राध्यापक डॉ. ऋतिका डागर ने जापान में दस दिवसीय शोध प्रवास के बाद बताया कि अध्ययन का उद्देश्य नैनोकणों में ऊर्जा के व्यवहार को समझना और इसे अधिक प्रभावी व पर्यावरण अनुकूल बनाना है।

यह शोध जापान के ह्योगो स्थित रिकेन हरिमा कैंपस की अत्याधुनिक एसएसीएलए सुविधा पर स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी (अमेरिका) और यूनिवर्सिटी ऑफ पॉट्सडैम (जर्मनी) सहित अन्य संस्थानों के सहयोग से किया गया। फरवरी 2026 में आयोजित विशेष 'बीमटाइम' के दौरान वैज्ञानिकों को सीमित समय के लिए इस उन्नत लेज़र तकनीक का उपयोग करने का अवसर मिला। शोध में नैनोकणों में ऊर्जा और ऊष्मा के तीव्र बदलावों का अध्ययन किया गया, जो भविष्य में सौर ऊर्जा जैसी स्वच्छ तकनीकों को अधिक प्रभावी बनाने में सहायक हो सकता है। डॉ. डागर के अनुसार, ऐसे वैश्विक सहयोग भारतीय वैज्ञानिकों और छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सीखने और कार्य करने का अवसर प्रदान करते हैं। यह उपलब्धि आईआईआईटी भोपाल के नवाचार और वैज्ञानिक अनुसंधान की दिशा में बढ़ते कदम को दर्शाती है।



## नगर में आज

**आर्ट कैंप**
- स्थान: ध्रुपद संस्थान
- समय: सुबह 9:30 बजे से

**कला प्रदर्शनी**
- स्थान: मानव संग्रहालय
- समय: शाम 5 बजे

**स्टेट हैंडलूम एक्सपो 2026**
- स्थान: गौहर महल
- समय: दोपहर 12 बजे से

**'माह का प्रादर्श'**
- स्थान: मानव संग्रहालय
- समय: दोपहर 12 बजे से

**72 शलाका चित्र प्रर्दशनी**
- स्थान: लिखन्दरा दीर्घा, जनजातीय संग्रहालय
- समय: दोपहर 12 बजे से

# खत्म होंगे शहर के ब्लैक स्पॉट, देहात के लिए मांगा समय

## ब्लैक स्पॉट खत्म करने के साथ सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने के लिए राहगीरों को किया जाएगा जागरूक

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शहर में मौजूद 16 ब्लैक स्पॉट को अगले 15 दिनों में सुधार लिया जाएगा। पीडब्ल्यूडी व नगर निगम सहित अन्य निर्माणाधीन एजेंसियों ने कलेक्टर को अगले दो सप्ताह में इन ब्लैक स्पॉट को ठीक करने की बात कही है। इसके अलावा देहात में चिन्हित 6 ब्लैक स्पॉट शॉर्ट टर्म कार्य कर सुधार लिए गए हैं, जबकि बालमपुर घाटी और सुखीसेवनिया के पास मौजूद ब्लैक स्पॉट को सुधारने के लिए नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया को दो साल का समय लगेगा। वर्तमान में यहां एनएचएआई द्वारा दुर्घटना रोकने के लिए साइनेज व दुर्घटना की जानकारी देने वाले बोर्ड लगाए गए हैं। एनएचएआई के अनुसार इन दोनों स्थानों पर फोर लेन रोड का निर्माण प्रस्तावित है। निर्माण पूरा हो जाने के बाद ब्लैक स्पॉट बायपास हो जाएगा। जिससे भविष्य में इस स्थान पर होने वाली दुर्घटनाओं से लोगों को राहत मिलेगी। बता दें कि देहात के आठ ब्लैक स्पॉट पर पिछले साढ़े तीन साल में 145 भीषण दुर्घटनाएं हुई हैं, जिसमें 70 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। इसके अलावा भोपाल शहर के भीतर ही पिछले तीन साल में 645 मौतें विभिन्न दुर्घटनाओं में हुई हैं। इनमें 99 दुर्घटनाओं में 27 मौतें ब्लैक स्पॉट के कारण हुई हैं। अब इन्हें सुधारने के लिए कलेक्टर ने सभी एजेंसियों को एक माह का अल्टीमेटम जारी किया है। बता दें कि वर्तमान कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के अलावा पूर्व कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह और आशीष सिंह भी इन ब्लैक स्पॉट को सुधारने के लिए कई बार मैदान पर उतरकर निरीक्षण कर चुके हैं, लेकिन सुधार कार्य नहीं हो पाए।



### ब्लैक स्पॉट सुधारने के साथ राहगीरों को मदद के लिए करें जागरूक

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने निर्माणाधीन एजेंसियों के साथ ट्रैफिक पुलिस को भी निर्देश जारी किए हैं कि ब्लैक स्पॉट सुधारने का काम तेज गति से होना चाहिए। इसके लिए उन्होंने 1 महीने का समय दिया है। इसके अलावा आम लोगों को जागरूक करने के लिए भी कहा है। ताकि यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल होता है और उसे यदि समय पर इलाज मिल जाए, तो उसकी जान बचाई जा सकती है। सड़क दुर्घटना में सबसे ज्यादा मौतें ज्यादा खून बहने से होती हैं। ऐसे में यदि समय पर इलाज मिल जाए तो घायल की जान बच सकती है। साथ ही राहवीर योजना के तहत जो राहगीर घायल को समय पर इलाज पहुंचाते हैं। उन्हें 25 हजार का नकद इनाम और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाता है।

### शहर के इन ब्लैक स्पॉट पर सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं

**अटल पथ**
16 घटनाओं में 5 मौतें

**1250 चौराहा**
10 घटनाओं में 4 मौतें

**11 मील चौराहा**
8 घटनाओं में 4 मौतें

**आशिमा मॉल**
7 घटनाओं में 3 मौते

### सुधार कार्य के लिए मैदान पर उतरे कलेक्टर, लेकिन नहीं हुआ काम

**11 मई 2023** पूर्व कलेक्टर आशीष सिंह शहर के 10 ब्लैक स्पॉट का मुआयना करने मैदान पर उतरे। इस दौरान बिट्टन मार्केट, 1100 क्वार्टर हनुमान मंदिर, शैतान सिंह चौराहा, बंसल अस्पताल के सामने वाली सड़क और चौराहा, बावड़िया ब्रिज, 10 नंबर मार्केट, अन्ना नगर चौराहा, प्रभात पेट्रोल पंप, टिंबर बाजार, भोपाल टाकीज, बस स्टैंड, करोंद चौराहे का निरीक्षण किया था।

**15 जून 2023** पूर्व कलेक्टर आशीष सिंह ने बंसल अस्पताल के सामने वाली सड़क के चौड़ीकरण और 10 नंबर पार्किंग की दुकानें हटाने के लिए कहा। साथ ही सेकंड स्टॉप, शिवाजी नगर चौपाटी, 1100 क्वार्टर हनुमान मंदिर की पट्टी पर रोड बनाने, शैतान सिंह चौराहे का लेफ्ट टर्न क्लियर करने, आईएसबीटी और चूना भट्टी से शैतान सिंह चौराहे के बीच सड़क चौड़ी करने के निर्देश दिए।

**28 जुलाई 2025** पूर्व कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह शहर के 16 ब्लैक स्पॉट को देखने पहुंचे। इस दौरान ट्रैफिक व जिला पंचायत के अफसरों के साथ सात नंबर, प्लेटिनम प्लाजा, जेपी अस्पताल, डिस्ट्रिक कोर्ट के सामने वाले चौराहे पर पहुंचे और अधिकारियों को शॉर्ट टर्म सुधार कार्य करने के निर्देश दिए।

**5 अगस्त 2025** इस दौरान सुप्रीम कोर्ट की समिति के साथ कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह मैदान पर उतरे। जिसमें शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश अभय मनोहर सप्रे ने शहर के 8 ब्लैक स्पॉट का मुआयना किया, जिसमें वे अधिकारियों से लगातार सवाल करते रहे। सप्रे ने बागसेवनिया तिराहे को रि डिजाइन करने, 1250 चौराहे से रोटरी हटाने और लेफ्ट टर्न क्लियर करने के निर्देश दिए। इनमें से 7 ब्लैक स्पॉट पर रोजाना ट्रैफिक जाम की समस्या होती है।

"ब्लैक स्पॉट को खत्म करने के साथ सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों को समय पर अस्पताल पहुंचाना भी जरूरी है। दुर्घटना के बाद पहला घंटा (गोल्डन ऑवर) घायल के लिए जरूरी होता है। यदि व्यक्ति इसमें अस्पताल पहुंच जाए, तो उसे बचाना आसान हो जाता है।
■ **प्रियंक मिश्रा**, कलेक्टर भोपाल

## संक्षिप्त खबरें

### पांच साल की मासूम को कुत्ते ने काटा, केस दर्ज

**जागरण, भोपाल।** गोविंदपुरा थाना क्षेत्र में पांच साल की मासूम को कुत्ते ने काट लिया। घटना के वक्त वह अपनी मां के साथ घर लौट रही थी। शिकायत पर पुलिस ने कुत्ते के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 48 वर्षीय गणेश पाटील अन्ना नगर में रहती है। वह ट्रक ड्राइवर है। जहां उनके मोहल्ले में रहने वाले युवक अमित पाटील ने कुत्ता पाल रखा है। मंगलवार रात 10 बजे उनकी नातिन आरोही मां के साथ पुलिया के पास स्थित सुलभ कॉम्प्लेक्स गई थी। जहां से लौटते समय पक्षी विहार कॉलोनी के पास अचानक बच्ची पर कुत्ते ने हमला कर दिया। इस दौरान कुत्ते ने उसे दो जगह काट लिया। मां ने बीच-बचाव कर मासूम को बचाया। घटना के बाद वह बुरी तरह घायल हो गई। बाद में परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी अमित पाटील के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शादी समारोह में महिला के बैग से जेवरात चोरी

**जागरण, भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र में शादी समारोह में महिला का जेवरात से भरा बैग चोरी हो गया। महिला ने नरसिंहपुर से भोपाल रिश्तेदार की शादी में आई थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 38 वर्षीय वर्षा मेहरा नरसिंहपुर की रहने वाली है। गत 22 अप्रैल को वह शादी समारोह में शामिल होने साकेत नगर स्थित सामुदायिक केंद्र में आई थी। जहां उनके पास एक बैग था। जिसमें एक हार, अंगूठी, पायल समेत सोने- चांदी के जेवरात रखे थे। 27 अप्रैल को जब वह अपने घर पहुंची तो बैग में रखा सामान गायब मिला। इस पर उन्होंने थाने पहुंचकर चोरी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे की जांच कर रही है।

### बाइक और रेलवे की मोटर चोरी करने वाले गिरफ्तार

**जागरण, भोपाल।** गौतम नगर पुलिस ने चोरी करने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 10 रेलवे मोटर और एक बाइक समेत कुल ढ़ाई लाख का माल बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 29 अप्रैल को मुसब्बिर यार (39) पीजीबीटी रोड में रहते है। उनकी काली परेड आलू की फैक्ट्री के पास मोटर बाईडिंग का वर्कशॉप है। जिसमें रेलवे की 10 मोटर बनने के लिए रखी थी। जिसे 28 अप्रैल को रात करीब 10 बजे अज्ञात चोरों ने दुकान के पीछे की जाली तोड़कर सामान चोरी कर लिया। इसी दिन शेख जावेद (28) निवासी करोंद की ग्रीन सिटी अस्पताल की पार्किंग रखी बाइक चोरी हो गई।

## सहारा के निदेशकों के खिलाफ वारंट जारी, 11 तक पेश होने के निर्देश

### आदेश के बाद भी राशि न लौटाने पर आयोग सख्त

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** भोपाल स्थित जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग ने सहारा से जुड़ी चिटफंड व क्रेडिट सोसायटी के निदेशकों को भगोड़ा घोषित करते हुए सबके विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिए हैं। पुलिस को इन सभी को 11 मई तक पेश करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन निदेशकों के खिलाफ वारंट जारी हुए हैं। इनमें सहारा क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी के एमडी डीकेश्रीवास्तव, ओपी श्रीवास्तव, रेनुसेन गुप्ता, सुधा सिंह, अली अहमद जैदी, अलख वर्मा और लालजी सिंह के खिलाफ वारंट जारी किए गए हैं। बता दें कि आयोग द्वारा निवेशकों को रकम लौटाने के आदेश होने के बावजूद भुगतान नहीं होने पर सख्त रुख अपनाते हुए वारंट जारी किया है। अब इन निदेशकों को 11 मई तक आयोग के समक्ष पेश होना है। आयोग के अध्यक्ष योगेश दत्त शुक्ला ने आदेश जारी करते हुए सभी के खिलाफ वारंट जारी किए हैं। उपभोक्ताओं की ओर अधिवक्ता सत्या शर्मा ने आयोग के समक्ष पक्ष रखा।

#### आम लोगों से लाखों रुपए करवाए हैं निवेश

सहारा समूह ने देशभर में अलग-अलग नामों से योजनाएं चलाकर आम लोगों को पैसा दोगुना करने का लालच दिया था जिसके बाद बड़ी संख्या में लोगों ने लाखों रुपए निवेश किए, लेकिन जब पॉलिसी अवधि पूरी होने के बाद भी लोगों को भुगतान नहीं किया गया, तो रिफंड पोर्टल से भी राहत न मिलने पर पीड़ितों ने उपभोक्ता आयोग का रुख किया। निवेशकों का धन नहीं लौटाने पर प्रशासन सहारा की कंपनियों की जमीन कुर्क कर चुका है।

आयोग से करीब 2 हजार पक्षकारों के पक्ष में फैसला हो चुका है, लेकिन कंपनी पैसा लौटाना नहीं चाहती है। इसके चलते वसूली के केस दायर किए गए हैं।
● **सत्या शर्मा**, अधिवक्ता

### एएसआई पर पत्थर से हमला, सिर में 6 आए टांके

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) गेट नंबर-2 के पास सोमवार रात एएसआई पर पत्थर से हमला करने का मामला सामने आया है। इस मामले में जहांगीराबाद पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक नीलबड़ निवासी 33 वर्षीय अर्पित गुप्ता, कार्मिक शाखा में पदस्थ हैं। अपने साथियों के साथ रात करीब 10 बजे चाय पीकर लौट रहे थे। इसी दौरान दो युवक शोर-शराबा कर रहे थे। समझाने पर वे गाली-गलौज कर भाग गए, लेकिन कुछ देर बाद बाइक से लौटकर फिर विवाद करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने अर्पित पर पत्थर फेंक दिए, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। साथियों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां 5-6 टांके लगाए गए। हमलावर जाते समय जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। जहांगीराबाद थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### मेट्रो कार्य शुरू होने के पहले


## रोशनपुरा से लालपरेड ग्राउंड के बीच 50 साल पुराने नीम के पेड़ काटे

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** भदभदा से रत्नागिरी के बीच प्रस्तावित मेट्रो ब्लू लाइन के निर्माण के लिए जल्दी ही रोशनपुरा से लाल परेड ग्राउंड के बीच काम शुरू होने वाला है, लेकिन निर्माण कार्य शुरू होने के पहले ही नीम के 50 साल पुराने मिंटो हाल के पास लगे सात हरे भरे पेड़ों को पूरी तरह से काट दिया गया। पेड़ों की कटाई के बाद पर्यावरण प्रेमियों में रोष है। लोगों का कहना है कि इन पेड़ों के कारण मिंटो हाल के आसपास के क्षेत्र का तापमान नियंत्रित रहता था और प्रदूषण भी कम होता था, लेकिन इन पेड़ों के कटने से इस इलाके में तापमान बढ़ेगा। जिसका खामियाजा आम लोगों को उठाना पड़ेगा। इस मामले में पर्यावरणविद् उमाशंकर तिवारी का कहना है कि शहर में पहले ही कई जगहों पेड़ काट दिए गए हैं। यदि इस तरीके से पेड़ों की कटाई होती रही तो शहर से हरियाली पूरी तरह खत्म हो जाएगी। मेट्रो कंपनी को पूरे पेड़ काटने की जगह केवल छंटाई करनी थी, ताकि शहर का पर्यावरण भी स्वच्छ रहता और विकास कार्य भी होते रहते।


छाया: एचसी वर्मा

## पॉइजन क्लीनिक के संचालक ने जयपुर की मॉडल से किया रेप, आरोपी फरार

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** चूनाभट्टी इलाके में स्थित पॉइजन एंटी एजिंग स्किन क्लीनिक के संचालक डॉ. अभिनीत सर्वेश गुप्ता के खिलाफ महिला थाना पुलिस ने रेप की एफआईआर दर्ज की है। आरोपी ने जयपुर की मॉडल को शादी का झांसा देकर एक साल तक रिलेशन में रख शारीरिक शोषण किया। चार महीने तक चली जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बुधवार को एफआईआर दर्ज कर ली। लेकिन आरोपी फरार है। पुलिस के मुताबिक, जयपुर निवासी युवती करीब एक साल पहले 8 मई 2025 को अपना स्किन का ट्रीटमेंट कराने के लिए चचेरे भाई के साथ डॉ. अभिनीत के क्लीनिक पहुंची थी। इलाज के बाद वह वापस जयपुर लौट गई। इसके बाद अभिनीत ने उसके मोबाइल पर मैसेज किए। दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। अभिनीत ने उसे भोपाल बुलाया। शादी का झांसा देकर घर में रेप किया। युवती ने विरोध किया तो चुप कराने मांग में सिंदूर भर दिया।



#### सीने पर बनवाया टैटू चेन्नई में कराया गर्भपात

युवती का आरोप है कि 8 जून 2025 को आरोपी ने उस पर उसके नाम का टैटू बनवाने का दबाव बनाया। उसके कहने पर बाएं तरफ सीने पर उसके नाम का टैटू बनवा लिया। इसके बाद उसे पता लगा कि वह प्रेग्नेंट है। उसने आरोपी पर शादी का दबाव बनाया तो उसने बात टाल दी। 17 जुलाई 2025 को आरोपी, युवती को चेन्नई ले गया। जहां होटल में 21 जुलाई 2025 को दवा खिलाकर पीड़िता का गर्भपात करा दिया। युवती ने विरोध किया तो आरोपी ने जमकर मारपीट की। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

### विधायक लोधी से जुड़ा वायरल वीडियो चर्चा में

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पिछोर विधायक प्रीतम लोधी से जुड़ा एक वायरल वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है। वीडियों में लोधी समाज को प्रतिनिधित्व मिलने की बात कही गई है। दरअसल यूपी के बुलंदशहर में पिछले दिनों लोधी समाज का एक कार्यक्रम आहुत किया गया था,जिसमें विधायक प्रीतम लोधी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में एक वक्ता ने प्रीतम लोधी का नाम लेते हुए कहा कि वे चंबल से दहाते हुए लोधी समाज का मुख्यमंत्री व विधायक बनाने की बात कर सकते है,तो उत्तरप्रदेश में क्या लोधी समाज को प्रतिनिधित्व नहीं मिलना चाहिए। इससे पहले भोपाल में हुए लोधी समाज के कार्यक्रम में भी लोधी मुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग उठी थी।

## डुप्लेक्स बेचने के नाम पर बिल्डर ने की 55 लाख ठगी, आरोपी फरार

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** निशातपुरा इलाके में डुप्लेक्स बेचने के नाम पर 55 लाख धोखाधड़ी सामने आई है। ठगी के संबंध में आधा दर्जन लोगों ने शिकायत की थी। पुलिस ने लंबी जांच के बाद बिल्डर और उनके पार्टनर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। फिलहाल आरोपी फरार है। पुलिस के मुताबिक, सर्वेश दयदा समेत आधा दर्जन लोगों ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2009 में द्वारिका धाम के सामने कंस्ट्रक्शन कंपनी नीहो ने एक कालोनी का निर्माण किया था। उनके प्रोजेक्ट का नाम स्कॉटिश गार्डन था। इस कालोनी को अशोक गोयल, जयप्रकाश ममतानी और दीपक बना रहे थे। अशोक भू स्वामी थे, जबकि जयप्रकाश और दीपक डायरेक्टर थे। कालोनी में दो सैम्पल हाउस बनाकर लोगों को दिखाए। डुप्लेक्स की कीमत 25 लाख रुपए रखी थी। सैम्पल हाउस दिखाकर लोगों को प्रोजेक्ट बेचा जा रहा था। तीनों आरोपियों ने प्रोजेक्ट में डुप्लेक्स बेचने के नाम पर करोड़ों रुपए लिए थे, लेकिन उन्हें डुप्लेक्स नहीं दिए। इतना ही नहीं बाद में आरोपी प्रोजेक्ट से गायब हो गए। आरोपी जगप्रकाश ममतानी गुजरात का रहने वाला और दीपक दिल्ली का और अशोक भोपाल का रहने वाला है। लोगों की रकम हड़पने के बाद तीनों फरार हो गए। लंबी जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### जमीनी हकीकत

राजधानी में हो रहे एक्सीडेंट में मौत का ट्रैफिक पुलिस ने जाना कारण, 6 माह की सर्वे रिपोर्ट की तैयार

# लिंक रोड पर ओवर स्पीडिंग, छोला में संकरी रोड है मौत का कारण

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** राजधानी में हो रहे एक्सीडेंट में मौत का कारण ट्रैफिक पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर जाना है। वर्ष 2025 में हुई सड़क हादसों में 214 लोगों की मौत हुई हैं। शुरू के 6 माह की सर्वे रिपोर्ट तैयार की गई है। इसमें सामने आया है कि कोलार में स्पीड ब्रेकर नहीं है तो लिंक रोड पर ओवर स्पीडिंग के कारण लोगों का जान गईं। छोला मंदिर में संकरी रोड एक-दूसरे को क्रास कर रही है, जिससे सड़क हादसे हुए और लोगों ने अपनी जान गंवा दी। इन कारणों को जानने के बाद पुलिस ने विकास एजेंसी को पत्र लिखकर सुधार के लिए कहा है। वहीं थाना स्तर पर वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है ताकि एक्सीडेंट न हो और मौतों की संख्या में कमी आई। जानकारी के अनुसार, शहर में हो रही दुर्घटनाओं के लिए पुलिस कमिश्नरेट ने ट्रैफिक पुलिस की एक टीम तैयार की थी। इस टीम को थाना स्तर पर हो रही दुर्घटनाओं में मौत के कारण जानने के लिए जमीनी हकीकत पता लगाने के लिए कहा गया। ट्रैफिक इंस्पेक्टर इरशाद अली खान के नेतृत्व में टीम ने जनवरी से जून 2025 में हुए हादसों का जमीनी स्तर पर मुआयना किया। मौत के मामलों में विवेचक के साथ खुद मौके पर जाकर घटनास्थल का मुआयना किया। स्थानीय लोगों के बातचीत की। हादसों की वजह और सुधार के लिए रिपोर्ट तैयार की। इसके बाद पुलिस की ओर से विकास एजेंसियों को पत्र लिखकर सुधार कार्य के लिए कहा गया। इस पूरे सर्वे का मकसद सिर्फ दुर्घटनाओं में कमी लाकर मौतों की संख्या पर रोक लगाना था। कुछ मामलों में चालक की लापरवाही पाई गई तो कुछ में वहां का स्ट्रैक्चर, लाइट की कमी, अच्छी सड़क पर ओवरस्पीडिंग, खराब सड़क भी सामने आई है।



**शहर में पांच साल के आंकड़े**

| वर्ष | कुल दुर्घटना | घायल | मौत |
|---|---|---|---|
| 2021 | 2186 | 1758 | 145 |
| 2022 | 2788 | 2151 | 205 |
| 2023 | 2906 | 2186 | 196 |
| 2024 | 2900 | 2223 | 235 |
| 2025 | 2867 | 2163 | 214 |

#### कोलार रोड

इनायतपुर और मदर टेरेसा स्कूल के सामने सड़क में 3 मौत हुई। हादसे का कारण स्पीड ब्रेकर का न होना, घुमावदार मोड़ होना और संकरी पुलिया सामने आया है, जिससे एक्सीडेंट का संभावना बढ़ी और लोगों की जान चली गई। कुछ हादसे युवाओं द्वारा रील बनाते समय भी हुए हैं।

#### टीटी नगर

लिंक रोड नंबर व अन्य पर ओवर स्पीडिंग के कारण लोगों की जान चली गई। यहीं कारण गोविंदपुरा में भी रहा। अच्छी सड़क होने पर लोगों ने अपनी स्पीड पर काबू खो दिया और तेज रफ्तार वाहन चलाया, जिससे सड़क हादसे का शिकार हुए। नर्मदा भवन के सामने ओवर स्पीडिंग के कारण डिवाइडर में वाहन घुस गया। हर्षवर्धन नगर रोड मैनिट चौराहे पर रोड साइन नहीं हैं। रोड की चौड़ाई कम है, गमले की दुकान है। कोहेफिजा इलाके में भी ओवर स्पीडिंग के कारण मौत सामने आई है।

#### छोला मंदिर

अयोध्या बायपास, रासलाखेड़ी पुलिया के पास, मालीखेड़ी में सड़क दुर्घटना में मौत हुई। यहां फोर लेन रोड है एवं क्रास करने वाली है। रोड दिखाई नहीं देती। साइन बोर्ड की आवश्यकता है। रासलाखेड़ी में लाइट नहीं है। स्पीड ब्रेकर की आवश्यकता है। स्पीड ब्रेकर नहीं हैं। चार संकरी रोड एक-दूसरे को क्रास करती है, जिससे एक्सीडेंट हुए और मौत हुई। संकरी रोड पर वाहन एक-दूसरे को क्रास करते समय अनियंत्रित हो गए, जिससे एक्सीडेंट हुए।

#### मिसरोद

मुख्य सड़क और सर्विस रोड के बीच बहुत से कट प्वाइंट हैं, जिसकी वजह से दुर्घटनाएं हुईं। ऊपर से अच्छी सड़क होने से ओवर स्पीडिंग भी एक्सीडेंट का प्रमुख कारण रहा। समरधा में डिवाइडर पर रेडियम व हेजार्ड साइन बोर्ड नहीं लगे हैं। प्रकाश होटल के पास रोड पर कर्ब है और कट पाइंट हैं। मिलन रेस्टोरेंट के पास सर्विस रोड से रॉन्ग साइड से वाहन आकर मुख्य सड़क को पार करते हैं जिस पर रोक लगाना जरूरी है।

#### निशातपुरा

विश्वकर्मा नगर में रोड की स्थिति खराब है। डिवाइडर तोड़कर मीडियन बनाए गए हैं। कट पाइंट पर बड़े-बड़े पत्थर डाले है, जिससे वाहन चालक असंतुलित हो जाता है। डिवाइडर की हाइट कम है, जिससे वाहन डिवाइडर पर चढ़कर रोड पार करते हैं। पीपुल्स मॉल के सामने दो एक्सीडेंट हुए, जिसमें वाहन चालक तेज गति से वाहन चला रहा था। ओवर स्पीडिंग के कारण हादसे हुए।

#### खजूरी सड़क

राजीव नगर टपरा के पास गांव के अंदर वाली रोड है। 90 डिग्री मोड कर्ब नही है, जिससे हादसा हुआ। रोड हाइट पर है। साइड वॉल नहीं है, जिससे वाहन नीचे गिर जाते हैं। गल्ली मंडी के पास भैंसाखेड़ी में रोड साइन लगे हैं। कालोनी से आने वाले वाहन अचानक रोड पर आने से दुर्घटना हो रही है।

### सिर दर्द होने पर युवती ने धोखे से खाया जहर

**जागरण, भोपाल।** कटारा हिल्स थाना क्षेत्र में युवती ने कीटनाशक को सिर दर्द की दवाई खा लिया। घटना के बाद परिजन उसे अस्पताल लेकर गए। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 31 वर्षीय शिवानी विश्वकर्मा पिता अशोक कुम्हारपुरा मोहल्ला में रहती थी। वह कंप्यूटर से आईटीआई की पढ़ाई कर रही थी। उसकी शादी नहीं हुई थी। उसका भाई आर्मी है। पिछले चार साल से वह पेट में गैस की परेशानी से जूझ रही थी। जिसका परिजन इलाज भी करवा रहे थे। जहां उसकी दवाई रखी रहती है, वहीं पर कीटनाशक रखा था। बुधवार दोपहर साढ़े एक बजे अचानक सिर में दर्द होने पर उसने कीटनाशक की गोली को दवा समझकर खा लिया। बाद में हालत बिगड़ने पर परिजन उसे एम्स अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां शिवानी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। गुरुवार को शव का पीएम कराया जाएगा।

# विधायक का निरीक्षण, वार्ड 6 में 2 व वार्ड 4 में 1.50 करोड़ से बनेंगी सड़कें

## जोन की हुई बैठक, अशोक ने कहा आपसी समन्वय का अभाव

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** पश्चिम बंगाल के चुनाव से फुर्सत पाते ही जहां विधायक रामेश्वर शर्मा ने सोशल मीडिया पर पिछले कुछ समय से वायरल हो रही खासतौर पर वार्ड 6 के अंतर्गत औम नगर, सावन नगर एवं वल्लभ नगर में सीवेज एवं पानी की पाइप लाइन बिछाने की धीमी गति व मरम्मत के अभाव में आम जनता को हो रही परेशानी की खबरों को देखते हुए इन इलाके का भ्रमण कर अधिकारियों एवं ठेकेदार को काम में तेजी लाने को कहा, वहीं जहां-जहां सीवेज तथा पानी की पाइप लाइनें बिछाई गई हैं, वहां नए सिरे से सड़कों के निर्माण के निर्देश भी दिए। इधर बुधवार को ही जोन एक की बैठक भी हुई, जिसमें अधिकारियों के आपसी समन्वय की बात सामने आई, जिस पर कांग्रेसी पार्षद ने कहा कि इस वजह से संत हिरदाराम नगर में सारी व्यवस्थाएं चौपट हो रही हैं।

### 15 जून तक कराएं काम

वार्ड 6 के विजय नगर, वल्लभ नगर, सावन नगर व औम नगर में जहां-जहां सीवेज व पानी की पाइप लाइन डाली गई है, वहां नए सिरे से सड़कों के निर्माण के लिए 2 करोड़ की राशि की व्यवस्था की जाएगी। विधायक रामेश्वर शर्मा ने पूर्व जिला महासचिव जगदीश यादव एवं जिला भाजपा उपाध्यक्ष राम बंसल रैनवाल तथा अन्य नेताओं के साथ भ्रमण के बाद कहा कि दो करोड़ की राशि में से एक करोड़ रुपए पार्षद निधि एवं एक करोड़ की राशि नगर निगम मुख्यालय कोटा से प्राप्त की जाएगी तथा यह काम हर हालत में मानसून के पूर्व 15 जून तक कराया जाए। यहां जगदीश यादव ने बताया कि पार्षद निधि की 50 लाख की राशि भी रिजर्व में रखी गई है, जिसका इस्तेमाल भी सड़क निर्माण के लिए होगा।





### सीवेज सिस्टम को लेकर गफलत

बैठक में नगर निगम एवं पीएचई अधिकारियों के बीच आपसी समन्वय का भी अभाव दिखा, जहां बैठक में जल कार्य विभाग के प्रभारी सचिन साहू कहीं अन्य व्यस्त होने के कारण मौजूद नहीं थे, वहीं सीवेज सिस्टम देख रहे एसके चतुर्वेदी का कहना था कि संत हिरदाराम नगर में अमृत योजना के तहत सभी जगह सीवेज लाइने बिछाई जानी चाहिए। बैठक में कांग्रेसी पार्षद अशोक मारन ने आरोप लगाया कि अधिकारियों के आपसी समन्वय के अभाव में ही संत हिरदाराम नगर बर्बाद हो रहा है, यहां कोई सुविधा नहीं है, आम जनता परेशान है। उन्होंने इस प्रतिनिधि को बताया कि यहां का जो सीवेज सिस्टम है वह 1982 एवं 1992 का है, जो वर्तमान में पूरी तरह से जर्जर हो चुका है कहीं 6 इंच पाइप लाइन है तो कहीं 8 इंच। केवल कुछ जगहों पर ही 12 इंच लाइनें बिछी हैं, जबकि सभी जगहों पर कम से कम 16 इंच सीवेज लाइनें बिछाई जानी चाहिए, अगर ऐसा नहीं किया तो भविष्य में यहां बार बार सीवेज के चैंबर चौक होने की समस्या विकराल रूप धारण कर लेगी।

**जोन की बैठक**

दूसरी और नगर निगम जोन एक की बैठक जोन अध्यक्ष की अनुपस्थिति में एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें बरसात के पहले हर हालत में वार्ड के सभी नाले एवं नालियों की सफाई करवाने, गड्ढे भरने के अलावा जहां-जहां सीवेज लाइन हैं, वहां चेंबरों की सफाई करने के निर्देश दिए गए। जोन अधिकारी विक्रम झा, अतिक्रमण अधिकारी दृष्टि भदोरिया, स्वच्छता प्रभारी प्रवेश गर्ग, यांत्रिकी शाखा के प्रफुल्ल गूर्जर, सीवेज लाइन इंचार्ज एसके चतुर्वेदी की मौजूदगी में आयोजित इस बैठक में एमआईसी सदस्य राजेश हिंगोरानी ने बताया कि आने वाले दिनों में 1.50 करोड़ की लागत से पंजाब नेशनल बैंक एवं डॉ. सुरेश भंभानी क्लीनिक मार्गों के निर्माण का भूमिपूजन किया जाएगा। इसके अलावा 1.50 करोड़ की राशि से बेटागांव विश्रामघाट का कायाकल्प, गिदवानी पार्क का बाउंड्रीवाल, प्राथमिक शाला में शेड निर्माण, तेजवानी हाल के पास सड़क का निमार्ण व कुछ अन्य स्वीकृत कार्य कारवाए जाएंगे। राजेश हिंगोरानी ने अधिकारियों को जहां-जहां जरूरी हो वहां नाले व नालियों से अतिक्रमण हटाने, चंचल रोड, पंजाब नेशनल बैंक रोड पर जो ठेले वाले एवं कारोबारी जिन्होंने डमी दुकानों के बाहर रख दी हैं, उनके खिलाफ भी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। हालांकि इस तरह के आदेश पहले भी दिए जा चुके हैं, लेकिन उस पर अमल नहीं होने के कारण पंजाब नेशनल बैंक, चंचल रोड, इलाहबाद बैंक रोड, निरंकारी मंडल रोड, आरा मशीन रोड, शिव मंदिर रोड से दोपहिया वाहनों एवं राहगीरों का गुजरना भी मुश्किल हो गया है।

# जगह-जगह बांट रहे शरबत एवं ठंडा पानी

## सामाजिक संस्थाएं आईं आगे, नगर निगम का पता नहीं



**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** इन दिनों भीषण गर्मी का दौर जारी है, ऐसे में जहां हर साल नगर निगम सार्वजनिक स्थानों पर प्याऊ स्थापित करती रही है, वहीं इस बार उसका कोई अता पता नहीं है जबकि अनेक सामाजिक संस्थाएं इसके लिए आगे आई हैं, जो राहगीरों के लिए काफी राहतभरा साबित हो रही है। जहां जीव सेवा संस्थान लालघाटी से लेकर गांधीनगर तक 12 से अधिक स्थानों पर सार्वजनिक प्याऊ स्थापित कर प्रतिदिन सैकड़ों राहगीरों को मटके का ठंडा पानी उपलब्ध करा रही है, वही रेलवे सलाहकार समिति के राष्ट्रीय सदस्य नितश लाल ने अपने पिता की स्मृति में टीला जमालपुरा में ऐसे प्याऊ की स्थापना की है, जहां पानी के साथ पताशे एवं बिस्कुट भी बांटे जा रहे हैं, जो राहगीरों को राहत दे रहे हैं।

### यहां भी बंट रहा शरबत

इधर संत आसाराम आश्रम की तरह से विगत दिनों गांधीनगर बस स्टैंड पर बाकायदा तंबू लगाकर वहां अनेक महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने जल एवं शरबत सेवा का शुभारंभ किया। संत आसाराम आश्रम के मीडिया प्रभारी हरीश मेहरचंदानी ने बताया कि बस स्टैंड पर स्थापित किए गए इस प्याऊ पर सैकड़ों की संख्या में राहगीरों को ठंडे पानी के अलावा शरबत वितरित किया जा रहा है। इस तरह की व्यवस्था आश्रम की तरफ से हर साल की जाती है, ताकि भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत मिल सके।

### स्टेशन पर प्याऊ स्थापित

इधर हर साल की तरह इस बार भी संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन पर दो माह के लिए प्याऊ की स्थापना की गई है। रेल सुविधा संघर्ष समिति के सहयोग से यहां स्वामी हिरदाराम जी के अनेक अनुयाई मुसाफिरों को ठंडा पानी उपलब्ध करारहे हैं। किसी भी ट्रेन के आने के दौरान मुसाफिर जो अक्सर अपने साथ पानी की बोल लिए रहते हैं, उन्हें ट्रेन की खिड़की से ही खाली बोतल में पानी भरकर दिया जा रहा है इस व्यवस्था से खासतौर पर पैंसेजर ट्रेनों जिसमें भोपाल इंदौर, भोपाल उज्जैन, भोपाल दाहोद आदि ट्रेने शामिल हैं, जिसमें दिहाड़ी पर मजदूरी करने वाले अधिक सवार रहते हैं, स्टेशन पर निःशुल्क जल व्यवस्था से लाभांवित हो रहे हैं।

# मंडीदीप में बड़ी वारदात टली, फैक्ट्री में डकैती की साजिश नाकाम, 10 आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, मंडीदीप।** नगर के औद्योगिक क्षेत्र में एक बड़ी आपराधिक घटना होने से पहले ही पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए डकैती की साजिश को विफल कर दिया। सतलापुर थाना पुलिस ने मंगलवार देर रात जिलेटिन चौराहे के समीप पुराने आईटीआई भवन में दबिश देकर एक नाबालिग सहित 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के व्यापारियों और उद्योग संचालकों ने राहत की सांस ली है। जानकारी के अनुसार, थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध युवक हथियारों के साथ किसी फैक्ट्री में डकैती की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल टीम गठित की और पूरे इलाके की घेराबंदी कर मौके पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान सभी आरोपियों को मौके से पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में नीरज घोषी उर्फ जानू ठाकुर, दीपक लोधी, हर्ष शर्मा, लवकुश लोधी सहित अन्य युवक शामिल हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने क्षेत्र में हुई सात पुरानी चोरी की वारदातों में भी शामिल होना स्वीकार किया है।




एसडीओपी शीला सुराणा ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से एक नकली पिस्टल, लोहे का बका, रॉड, पाइप और धारदार छुरियां बरामद की गई हैं। इसके अलावा चोरी का सामान भी जब्त किया गया है, जिसमें चार मोटर साइकिल, दो मोबाइल फोन, एक टीवी और नगद एक लाख रुपए शामिल हैं। जब्त माल की कुल अनुमानित कीमत करीब सात लाख रुपए बताई गई है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। यह कार्रवाई केवल अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं, बल्कि औद्योगिक क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर जनता का भरोसा मजबूत करने वाली पहल भी है।

## श्रद्धांजलि कार्यक्रम में किया पौधा भेंट



**जागरण, औबेदुल्लागंज।** मां नर्मदा के उपासक स्व. सूरत सिंह नागर के तेरहवीं कार्यक्रम में भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा पहुंचे। उन्होंने नागर को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके परिजनों से भेंट की। इस दौरान उन्होंने स्व. सूरत सिंह नागर द्वारा सामाजिक क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की। नागर के परिजनों ने उनकी स्मृति में 51 हजार की राशि भोपाल नागर धर्मशाला के लिए और 11 हजार की राशि बुधनी धर्मशाला के लिए प्रदान की। जन्म से लेकर मोक्ष तक पौधरोपण का अभियान चलाने वाले कल्याण संगठन के संतोष नागर ने उनके परिजनों को पौधा भेंट कर श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि दी। इस दौरान नगर के भाजपा नेता जयप्रकाश शर्मा, भूपेंद्र नागर, गौरीशंकर नागर, चंद्रसिंह नागर, बागीश अग्रवाल, गजेंद्र नागर, उमेश नागर, उत्तम नागर, सतेंद्र पांडे, अशोक जयसवाल, फूल सिंह राजपूत, पंकज कोठारी, प्रीतम राजपूत सहित सैकड़ों लोगों ने उपस्थित होकर उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## एयरपोर्ट एटीसी के इंचार्ज सिद्धार्थ यादव को मिला सेवा कार्य सम्मान

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** भोपाल के राजा भोज विमानतल पर पिछले दो साल विभिन्न सौगातो भरे रहे हैं, जहां इसके नवीन एटीसी भवन का लोकार्पण हुआ, जिसमें इंटरनेशनल स्तर के ऐसे अत्याधुनिक उपकरण हैं, जिससे 500 किलोमीटर दूर तक विमानों पर नजर रखना संभव होगा, इसके अलावा अत्याधुनिक फायर स्टेशन, केट-3, 300 मीटर की कम दृश्यता में भी विमानों की सुरक्षित लैंडिंग आदि शामिल है, इन सेवाओं से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मान भी किया जाने लगा है, ताकि एयरपोर्ट के सभी स्टाफ का मनोबल हमेशा ऊंचा रहे। इसी कड़ी में एटीसी इंचार्ज सिद्धार्थ यादव, जो एयरपोर्ट एम्प्लाइज यूनियन के अध्यक्ष भी हैं, उत्कृष्ठ सेवा से सम्मानित किया गया। उन्हें प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने कहा कि एटीसी इंचार्ज होने के साथ-साथ सामाजिक सरोकार के कार्यो एवं यूनियन के अध्यक्ष के नाते वे समस्त स्टाफ के हितों के संरक्षण के लिए भी हमेशा अग्रणी रहे हैं।




**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, जो पहले शीतल आंबेकर, पुत्री श्री कृष्ण आंबेकर के नाम से जानी जाती थी, अब विवाह के उपरांत, शीतल लाड, पत्नी मोहित कुमार लाड के नाम से जानी जाऊँगी। अब मैं अपने नए नाम 'शीतल लाड' से जानी जाऊँगी।

भवदीय
**शीतल लाड, पत्नी मोहित कुमार लाड**
निवासी- प्लॉट नं. 69, सुख सागर कॉलोनी, ग्राम रसलाखेड़ी,भानपुर, हुजूर,भोपाल (म.प्र.) 462037
मोबा. 7354740497


# व्यापार कल्याण बोर्ड का फैसला ऐतिहासिक और दूरदर्शी : दुबे

**जागरण, बैरसिया।** प्रदेश सरकार द्वारा व्यापारियों के हित में लिए गए बड़े फैसले से प्रदेश के व्यापारिक जगत में उत्साह है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की कैबिनेट द्वारा मप्र व्यापार कल्याण बोर्ड के गठन के निर्णय का व्यापारिक संगठनों और कारोबारियों ने स्वागत किया है। नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भोपाल के वरिष्ठ सदस्य दीपक दुबे ने इसे प्रदेश के व्यापारियों के लिए ऐतिहासिक और दूरदर्शी फैसला बताया है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई सेक्टर प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और व्यापारियों को लंबे समय से ऐसे समर्पित मंच की आवश्यकता महसूस हो रही थी, जहां व्यापार संवर्धन, नीति निर्माण और समस्याओं के त्वरित समाधान पर प्रभावी संवाद हो सके। दुबे ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं इस बोर्ड की अध्यक्षता करेंगे, इससे यह सुनिश्चित होगा कि प्रदेश के व्यापारियों की आवाज सीधे शासन के सर्वोच्च स्तर तक पहुंचेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह पहल प्रदेश के व्यापारियों की समस्याओं के समाधान में मददगार साबित होगी।



# भोपाल एयरपोर्ट के नव निर्मित फायर स्टेशन क्षेत्र में मॉक ड्रिल

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** राजधानी भोपाल के एयरपोर्ट परिसर में संयुक्त आतंकवाद निरोधक (काउंटर टेररिस्ट) मॉक अभ्यास नव निर्मित फायर स्टेशन क्षेत्र में किया गया। इसका उद्देश्य किसी भी संभावित आतंकी स्थिति से निपटने के लिए विभिन्न सुरक्षा एवं आपातकालीन एजेंसियों की तैयारियों, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता तथा आपसी समन्वय का परीक्षण करना था। मॉक ड्रिल में एनएसजी, सीआईएसएफ, मप्र पुलिस एटीएस /सीजीटी, राज्य बीडीडीएस, फायर सर्विस एवं मेडिकल टीमों ने सक्रिय भागीदारी की। अभ्यास के दौरान सुरक्षा बलों द्वारा संदिग्ध आतंकवादी गतिविधियों से निपटने, क्षेत्र को सुरक्षित करने, विस्फोटक जांच, घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया संबंधी विभिन्न प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया गया। अभ्यास के समापन पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा विस्तृत समीक्षा बैठक की।




**जिला एवं सत्र न्यायालय बैतूल जिला बैतूल (म.प्र.)**
**श्री शुभम नीमा प्रथम सिविल जज, जूनियर डिवीजन**

प्ररूप संख्या-1
अभियुक्त व्यक्ति को समन
(धारा-61 दं.प्र.सं.)

यूएन सीआर/450/2025
सुनिल पलेरिया बनाम अल्का एक्का
NEXT DATE: 25-06-2026
FIR Details: PIPLANI/0

द्वारा :
पुलिस स्टेशन के भार साधक अधिकारी/पुलिस स्टेशन का प्रभारी अधिकारी पुलिस थाना- PIPLANI, थाना-पिपलानी, भोपाल म.प्र., BHOPAL, MADHYA PRADESH
प्रति/प्रेषितिः-
अभियुक्त का नाम-**हमीदा कुरैशी** पत्नी **रमजान कुरैशी** आयु 0 वर्ष, पता-डी : 3 सेक्टर, पिपलानी भोपाल, जिला **भोपाल मध्यप्रदेश**, जिला-**BHOPAL**, राज्य **MADHYA PRADESH** मोबाइल नंबर-
आप अभियुक्त को इस न्यायालय के प्रकरण क्रमांक **यूएन सीआर/450/2025 (सुनिल पलेरिया बनाम अल्का एक्का)** में धारा 202, अधिनियम **अपराध प्रक्रिया संहिता 1973** के अधीन दंडनीय अपराध के आरोप का उत्तर देने के लिये आपका उपस्थित होना आवश्यक है, इसलिये आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप स्वयं (या यथास्थिति, प्लीडर द्वारा) इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 25-06-2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे (समय) उपस्थित हों, इसमें चूक नहीं होना चाहिये।
आज दिनांक 04-05-2026 को मेरे हस्ताक्षर से एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।
नोट/टिप्पणी- नियत दिनांक पर न्यायालय का अवकाश होने की स्थिति में प्रकरण आगामी कार्य दिवस पर सुनवाई में लिया जावेगा।
न्यायालय की मुद्रा
(तलवाना लिपिक)
तलवाना अनुभाग, बैतूल

**जाहिर सूचना**

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चिरायु चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा प्रस्तावित चिरायु यूनिवर्सिटी परियोजना, ग्राम भौरी, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) के लिए राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण (SEIAA) मध्य प्रदेश द्वारा पर्यावरण स्वीकृति (Environmental Clearance-EC) प्रदान की गई है। यह पर्यावरण स्वीकृति पत्र क्रमांक P2/2243/2026 एवं EC Identification No. EC25C0000 MP5962743N दिनांक 28/04/2026 के अंतर्गत, पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006 के प्रावधारों के अनुसार जारी किया गया है। उक्त परियोजना के अंतर्गत शैक्षणिक परिसर का निर्माण एवं विकास कार्य किया जाएगा, जिसमें पर्यावरण संरक्षण हेतु सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए जाएंगे। परियोजना में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP), वर्षा जल संचयन (Rainwater Harvesting), हरित क्षेत्र विकास Green Belt Development) तथा ठोस एवं खतरनाक अपशिष्ट प्रबंधन की समुचित व्यवस्था की जाएगी। पर्यावरण स्वीकृति की प्रति परियोजना स्थल पर उपलब्ध है तथा निम्नलिखित वेबसाइट्स पर भी अवलोकन हेतु उपलब्ध है:- Madhya Pradesh State Environment Impact Assessment Authority (SEIAA): https://www.mpseiaa.nic.in/ Chirayu University (Official Website): https://chirayuuniversity.ac.in/ यदि किसी व्यक्ति को इस परियोजना के संबंध में कोई आपत्ति, सुझाव अथवा शिकायत हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 (तीस) दिवस के भीतर नियमानुसार संबंधित प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। स्थानः भोपाल, चिरायु चैरिटेबल फाउंडेशन अधिकृत हस्ताक्षकर्ता, संपर्क विवरणः मो. 9893230364 ईमेलः cmchbhopal@gmail.com

**सोनल बांगिया-अधिवक्ता**
निवास/ऑफिसः ए-69, अलकापुरी, भोपाल मो. 9425022530

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गौहरगंज जिला रायसेन म.प्र.**

(पीठासीन अधिकारी चन्द्रशेखर श्रीवास्तव)
अपील प्रकरण क्रमांक 70/अपील/2025-2026
विरूद्ध
1. श्रीमती क्षमा बाई पुत्री श्री जगन्नाथ पत्नी राजेश बनोरिया आयु वयस्क निवासी ग्राम कलखेड़ा, तहसील हुजूर, जिला भोपाल....अपीलार्थी
1- देवेन्द्र गोलाईत आ. श्री भगवत गोलाईत आयु व्यस्क, 2-श्रीमती प्रियंका गोलाइत पत्नी श्री देवेन्द्र गोलाईत आयु व्यस्क दोनों निवासीगण नर्मदापुरम रोड, गौरव ब्लॉक, चिनार ड्रीम सिटी, समरधा, जिला भोपाल म.प्र.......................................प्रतिअपीलार्थीगण
अपीलार्थी द्वारा इस न्यायालय में एक अपील न्यायालय तहसीलदार गौहरगंज, जिला रायसेन के प्रकरण क्रमांक 1278/3-6/2025-2026 में पारित आदेश दिनांक 26/08/2025 के विरूद्ध म.प्र.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 44 के तहत अपील प्रस्तुत कर ग्राम बमूलिया पंवार, तहसील गौहरगंज की भूमि खसरा क्रमांक 85/2/4 रकबा 0.563 हेक्टेयर से संबंधित प्रस्तुत की है। अतः इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि नियत दिनांक 15/05/2026 को दोपहर 12:00 बजे स्वयं अथवा अपने प्लीडर के माध्यम से प्रकरण में समस्त तथ्यों के साथ पूर्ण जानकारी सहित उपस्थित होवें। अनुपस्थित रहने की दशा में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर आगामी कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 24/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी
(चन्द्रशेखर श्रीवास्तव)
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)


## SUDOKU 28

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | | 2 | | |
| | | 1 | 6 | 7 | | | 5 | |
| | 6 | | 8 | 3 | 4 | 7 | 9 | |
| 8 | 3 | | | | | | | |
| | | 4 | | 6 | | 5 | | |
| | | | | | | | 2 | 7 |
| | 1 | 7 | 3 | 2 | 5 | | 4 | |
| | 4 | | | 1 | 7 | | | |
| | | 9 | | | | | | 5 |

## SOLUTIONS 27

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 7 | 1 | 5 | 6 | 9 | 2 | 8 |
| 1 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 2 | 8 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 | 5 |
| 9 | 4 | 2 | 7 | 6 | 1 | 8 | 5 | 3 |
| 7 | 1 | 6 | 5 | 3 | 8 | 2 | 9 | 4 |
| 5 | 8 | 3 | 4 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 |
| 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 1 |
| 3 | 7 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 4 | 2 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 1 | 3 | 5 | 7 | 9 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आज दिल और किस्मत दोनों आपका साथ देने वाले हैं। धन-धान्य में भी बढ़ोतरी के संकेत हैं, लेकिन राजनीति या सार्वजनिक जीवन से जुड़े लोग थोड़ा सावधान रहें।

**वृषभ :** आज का दिन आपके लिए अच्छा है, बस एक छोटी सी सावधानी जल्दबाजी से बचें, वरना चोट लग सकती है। वाहन संभलकर चलाएं।

**मिथुन :** आज सेहत को हल्के में लेना भारी पड़ सकता है। कोई पुरानी परेशानी फिर से सिर उठा सकती है। खर्चों पर कंट्रोल रखना जरूरी है।

**कर्क :** आप अपने विरोधियों पर भारी पड़ सकते हैं, लेकिन फैसले सोच-समझकर लें। संतान की ओर से कोई खुशखबरी मिल सकती है। प्रेम जीवन में समर्पण दिखाई देगा।

**सिंह :** आज मन थोड़ा भारी रह सकता है। तनाव महसूस होगा। बच्चों की सेहत को नजरअंदाज न करें। किसी काम में रिस्क लेना आज नुकसान दे सकता है।मान सम्मान में बढ़ोतरी होगी।

**कन्या :** आज चुनौतियां सामने आ सकती हैं, लेकिन आपका धैर्य ही आपकी ढाल बनेगा। मन में नकारात्मक विचारों को जगह न दें।

**तुला :** आज का दिन आपको आगे बढ़ाने वाला है। आपकी मेहनत रंग लाएगी और सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने का मौका मिलेगा। किसी सहयोगी की बात दिल को चुभ सकती है।

**वृश्चिक :** आज का दिन पॉजिटिव रिजल्ट लेकर आएगा, लेकिन परिवार में छोटी-सी कलह आपके मन को परेशान कर सकती है। छात्रों को मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।

**धनु :** आज मन में बेचैनी रह सकती है और सेहत भी थोड़ा कमजोर रह सकता है। बिजनेस डील को लेकर चिंता बनी रहेगी।

**मकर :** आज खर्चे आपकी जेब पर भारी पड़ सकते हैं। भाई-बहनों के साथ प्रॉपर्टी को लेकर विवाद बढ़ सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** आज का दिन सामान्य रहेगा, लेकिन आपके अंदर ऊर्जा भरपूर रहेगी। आप लंबी यात्रा की योजना बना सकते हैं। क्रोध में वृद्धि हो सकती है।

**मीन :** आज आपको कानूनी मामलों में खास ध्यान देने की जरूरत है। बिजनेस में थोड़ा उतार-चढ़ाव रहेगा, लेकिन पुराने निवेश, खासकर शेयर मार्केट से लाभ मिल सकता है।

**आज का पंचांगः** 07 मई गुरुवार 2026। **दिशाशूल :** दक्षिण दिशा में रहेगा। **विशेष :** रवींद्रनाथ टैगोर जयंती। विक्रम संवत 2083 शके 1948 उत्तरायण, उत्तरगोल, वसंत ऋतु ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष पंचमी 10 घंटे 15 मिनट तक तत्पश्चात षष्ठी पूर्वा आषाढ़ा नक्षत्र 18 घंटे 46 मिनट तक तत्पश्चात उत्तराआषाढ़ा नक्षत्र साध्य योग 26 घंटे तक तत्पश्चात शुभ योग धनु में चंद्रमा 25 घंटे 27 मिनट तक तत्पश्चात मकर में।


**।। जाहिर सूचना ।।**
**खसरा क्रमांक-383(s), ग्राम-खारपी, तहसील हुजूर, भोपाल, मध्यप्रदेश**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1) श्री देवी सिंह मालवीय आत्मज स्वर्गीय श्री गेंदालाल मालवीय 2) श्री विजय मालवीय आत्मज स्वर्गीय श्री गेंदालाल मालवीय निवासीगण-नवोदय चौराहा, ग्राम -रातीबड, भोपाल, मध्यप्रदेश के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की एक किता कृषि भूमि, खासरा क्रमांक-383(s) रकबा-0.8000 हेक्टेयर में से रकबा-0.3967 हेक्टेयर कृषि भूमि है, जो कि ग्राम-खारपी, पटवारी हल्का नम्बर-65, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, मध्यप्रदेश में नगर पालिक निगम की सीमाओं बाहर प्लानिंग क्षेत्र में स्थित है। जिसे मेरे पक्षकार के पक्ष में विक्रय करने की आपसी सहमति हो गयी है एवं टोकन राशि अदा कर दी है। यह कि उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, हाऊसिंग फायनेंस संस्था, फर्म, शासकीय व गैर शासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार आपत्ति हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति कहीं अनुबंध, विक्रय, दान, बंधक, गिरवी, वसीयत, हिबा, हस्तांतरण इत्यादि हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 07 (सात) दिवस की समयावधि में मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा मेरा पक्षकार उक्त वर्णित भूमि का पंजीयन करा लेगा, ऐसी स्थिति में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**श्रीनिवास दुबे** भवदीय अधिवक्ता
**शशिकांत तिवारी** सर्विस प्रोवाइडर
कार्या प्लाट नं.-161, गोपाल भवन, जोन-1,एम.पी.नगर भोपाल मो.-9425303872,9926284630

**जाहिर-सूचना**
**एक किता भूखण्ड क्रमांक-26, जिसका खसरा क्रमांक 421/1/2/2, जो ग्राम सिकन्दराबाद पटवारी हल्का नबंर-69, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री लखन अठवाल आत्मज श्री दुलीचंद अठवाल आयु-वयस्क निवासी-199, पी डब्ल्यू डी शेड नबंर-01 के पीछे एम एल ए कॉलोनी के पास तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र) के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भूखण्ड क्रमांक-26, जिसका खसरा क्रमांक 421/1/2/2 का अंश भाग है जिसका कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गफिट अर्थात 92.93 वर्गमीटर है जो कि ग्राम सिकन्दराबाद पटवारी हल्का नबंर-69 राजस्व निरीक्षक मण्डल-04, विकास खण्ड-फन्दा तहसील -हुजूर जिला-भोपाल मे स्थित है उक्त भूखण्ड को क्रय करने का टोकन किया गया है उक्त भूखण्ड से किसी व्यक्ति संस्था, बैंक या कंपनी, शासकीय, अशासकीय, अर्धशाकीय कार्यालय आदि को कोई आपत्ति हो या किसी प्रकार का कोई हित-समाहित हो तो वह इस प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय मूल दस्तावेज के साथ मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगे। तथा मेरे पक्षकार उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में कराने हेतु स्वतंत्र होंगे।

**सुनील त्रिवेदी** अधिवक्ता
कार्यालय :- 9, मोहिनी आदित्य आर्केड, ई-7, अरेरा कालोनी, शाहपुरा, भोपाल
मो.न-9826067371

**जाहिर सूचना**
**भूमि खसरा क्रमांक 9/1, 10/1/1 रकबा क्रमशः 0.120, 0.030 हेक्टर में से रकबा 2018 वर्गफिट अर्थात 187.54 वर्ग मीटर भूमि स्थित ग्राम खामलाखेडी, प.ह.नं.-40/66 तहसील हुजूर, जिला भोपाल के क्रय के संबंध में देनिक समावार पत्र मे प्रकाशन।**

मेरे पक्षकार अजेता नेमा पुत्री हरीशंकर नेमा, आयु वयस्क, निवासी भोपाल के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है किः-मेरा पक्षकार श्रीमती चित्रा टेकवानी अरोरा पत्नि अनूप अरोरा आयु वयस्क निवासी न्यू ए-36/368 बैरागढ भोपाल म.प्र. के स्वआधिपत्य एवं अधिकार की कृषि भूमि का भूखड क्रं. 04 जिसका खसरा क्रमांक 9/1,10/1/1रकबा क्रमशः 0.120, 0.030 हे. में से रकबा 2018 वर्गफिट अर्थात 187.54 वर्गमीटर भूमि स्थित ग्राम खामलाखेडी, प.ह.नं. -40/66 तहसील हुजूर, जिला भोपाल में स्थित है, जिसकी चतुर्थ सीमाएंः पूर्व में-भूखंड क्रं. 05. पश्चिम में-भूखंड क्रं. 03, उत्तर में खसरा क्रं. 7 की भूमि, दक्षिण में-इन्दौर भोपाल रोड, को क्रय करने के इच्छुक हैं एवं मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि के स्वामी को बयाना राशि का भुगतान कर दिया है। यदि उपरोक्त भूमि से क्रय के संव्यवहार के संबंध में किसी व्यक्ति, सहकारी संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थान, शासकीय / अर्द्धशासकीय, निकाय आदि को कोई आपत्ति हो या उक्त भूमि कहीं बंधक, विक्रय, रहन, अनुबंधित, विवादित इत्यादि हो या उक्त भूमि में किसी का हित/अधिकार निहित हो, तो वह व्यक्ति / संस्था आदि इस सूचना पत्र के प्रकाशन से 15 (पद्रंह) दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में लिखित दस्तावेज के साथ आपत्ति मय के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा उपरोक्त अवधि के अवसान के पश्चात मेरे पक्षकार उक्त वर्णित भूमि के संबंध में पंजीयन विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लेंगे एवं बाद में प्रस्तुत आपत्ति प्रभाव हीन एव शून्य होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

**उमेश्वर दयाल** एडवोकेट
30, तलैया रोड़ दुर्गा चौक, भोपाल मो.-9827009338

## अमरकंटक में पांच दिवसीय सिद्ध चक्र महामंडल विधान

**जागरण, अनूपपुर।** जिले की तीर्थ नगरी अमरकंटक स्थित सर्वोदय तीर्थ क्षेत्र में गुरुवार से श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान का शुभारंभ होगा। 7 से 12 मई तक चलने वाले इस पांच दिवसीय आयोजन की शुरुआत बुधवार को भव्य घट-कलश यात्रा के साथ हुई। जैन मंदिर से कूप तक निकाली गई इस यात्रा में समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में हिस्सा लिया। सर्वोदय तीर्थ क्षेत्र कमेटी और दिगंबर जैन समाज ने शिविर में शामिल होने का आह्वान किया।

## दतिया में छह ट्रकों पर 28 लाख का जुर्माना

**जागरण, दतिया।** अवैध खनिजों के परिवहन पर लगाम कसने के लिए भांडेर-पंडोखर रोड स्थित ई-चेक गेट पर सख्ती तेज कर दी गई है। बुधवार को ऑनलाइन जांच के दौरान नियमों की अनदेखी करते पकड़े गए 6 वाहनों पर करीब 28 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जांच में सामने आया कि कई वाहन बिना ई-टीपी के खनिज ढो रहे थे, तो कुछ में ओवरलोडिंग, डबल ट्रिप और खनिज में गड़बड़ी जैसी अनियमितताएं मिलीं।

## "ट्वीट ऑफ द डे"



योगी आदित्यनाथ
सीएम उप


आधुनिक युद्ध अब केवल जल, थल और नभ की सीमाओं तक सीमित नहीं रह गया है। आज के युग में कीबोर्ड, सैटेलाइट और डेटा नेटवर्क उतने ही प्रभावी हथियार बन चुके हैं, जितने कि पारंपरिक मिसाइलें और टैंक। साइबर, स्पेस और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम अब नए रणक्षेत्र हैं, जहां दुश्मन के संचार और पावर ग्रिड को बाधित करना ही जीत की नई रणनीति है।

# बारातियों को पिलाया रैबिज संक्रमित मट्ठा, 92 को लगे इंजेक्शन

### छिंदवाड़ा: कुत्ते के काटने के बाद गाय की हालत गंभीर हुई, हफ्ते भर तक पशु मालिक ने दूध निकालना रखा था जारी

**जागरण, छिंदवाड़ा।** प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में रैबिज संक्रमण से जुड़ा एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। शहर से करीब आठ किलोमीटर दूर भैंसादंड गांव में एक बारात में परोसा गया मट्ठा कथित तौर पर रैबिज संक्रमित गाय के दूध से तैयार किया गया था। घटना सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया और एहतियात के तौर पर खबर लिखे जाने तक 92 लोगों को एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए जा चुके हैं। जानकारी के मुताबिक, जिस गाय के दूध से मट्ठा तैयार किया गया था, उसे करीब एक सप्ताह पहले एक कुत्ते ने काट लिया था। इसके बाद गाय की तबीयत लगातार बिगड़ती गई, लेकिन पशु मालिक दूध निकालता रहा। जब गाय की हालत गंभीर हुई, तब गांव में यह बात फैली कि बारात में परोसा गया मट्ठा उसी गाय के दूध से बनाया गया था।



### विशेषज्ञों की सलाह: क्या करें

- यदि किसी व्यक्ति ने संदिग्ध संक्रमित पशु के दूध या उससे बने उत्पाद का सेवन किया हो, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए।
- बिना डॉक्टर की सलाह के लक्षणों का इंतजार करना खतरनाक हो सकता है।

### जानवर की लार से फैलता है संक्रमण

**रैबिज वायरस सामान्यत:** संक्रमित जानवर की लार से फैलता है, लेकिन संक्रमित दूध या उससे बने उत्पादों के सेवन को भी गंभीरता से लिया जाता है, खासकर तब जब दूध पूरी तरह उबाला न गया हो। विशेषज्ञों का कहना है कि मट्ठा, छाछ या कच्चे डेयरी उत्पादों में यदि पर्याप्त गर्मी न दी गई हो, तो संक्रमण का जोखिम बना रह सकता है।

शुरुआत में दिखाई नहीं देते लक्षण

ऐसे मामलों में शुरुआती लक्षण तुरंत दिखाई नहीं देते। रैबिज संक्रमण के संभावित लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, कमजोरी, घबराहट, गले में तकलीफ, निगलने में परेशानी, अत्यधिक बेचैनी और पानी से डर लगना शामिल हो सकते हैं।

"यदि कोई जानवर रैबिज से संक्रमित हो, तो उसके कच्चे दूध के सेवन से संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। दूध को 65 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान पर अच्छी तरह उबालने से वायरस निष्क्रिय हो सकता है, लेकिन बिना उबाले या कम गर्म दूध से जोखिम बना रहता है।

**लोकेश बेलवंशी**, पशु चिकित्सा अधिकारी

**कैंप लगाकर की पहचान**

मामले की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग ने गांव में कैंप लगाया और बारात में शामिल लोगों की पहचान शुरू की। उप स्वास्थ्य केंद्र भैंसादंड में लगातार लोगों की जांच की जा रही है। इंजेक्शन की कमी होने पर अतिरिक्त डोज भी मंगाई गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्टेशन पर बंद लिफ्ट में दो घंटे फंसे यात्री

**जागरण, रीवा।** रेलवे स्टेशन रीवा के प्लेटफॉर्म क्रमांक 2 पर बुधवार को बड़ा हादसा टल गया। इतवारी ट्रेन से उतरे 9 यात्री मरम्मत के दौरान बंद पड़ी लिफ्ट के बीच में ही फंस गए। लिफ्ट अचानक बंद हो गई, जिससे सभी यात्री करीब दो घंटे तक अंदर ही कैद रहे। यात्रियों का आरोप है कि बंद पड़ी लिफ्ट में किसी तरह का संकेतक नहीं लगाया था। इस कारण यात्री उसमें सवार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद सभी का चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया, जिसमें सभी यात्री सामान्य पाए गए। लिफ्ट में फंसने वाले यात्रियों में एक डॉक्टर और उसकी 3 साल की बच्ची भी शामिल थी। यात्रियों के लिफ्ट में फंसे होने की सूचना सबसे पहले सांसद प्रतिनिधि संजीव शुक्ला को मिली, जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे। उन्होंने मामले की सूचना रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों को दी। तत्काल स्वास्थ्य अधिकारी यत्नेश त्रिपाठी को फोन कर मेडिकल टीम बुलवाई गई। वहीं कलेक्टर को भी पूरे मामले की सूचना दी गई। जिसके बाद रेस्क्यू का काम शुरू हुआ।

### फर्जीवाड़ा करने वाले छह पटवारियों पर केस दर्ज

**जागरण, भिंड।** पटवारी चयन परीक्षा 2008 से जुड़े एक बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। यूनिवर्सिटी आफ टेक्नोलाजी एंड साइंस रायपुर से जारी डीसीए/पीजीडीसीए प्रमाणपत्रों की जांच में इन्हें कूटरचित (फर्जी) पाए जाने के बाद पुलिस ने 6 आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई सीएसपी की जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई। पुलिस के अनुसार उच्च न्यायालय ग्वालियर के निर्देश पर इन प्रमाण-पत्रों की सत्यता की जांच कराई थी। जांच में सामने आया कि आरोपी पंकज कुमार यादव, रंजीत सिंह तोमर, वंदना सोनी, पूनम मिश्रा, अशोक कुमार और अरुण कुमार मांझी ने न तो संबंधित यूनिवर्सिटी में नियमित रूप से प्रवेश लिया, न ही कक्षाएं अटेंड कीं और न ही परीक्षा दी। इसके बावजूद उन्होंने फर्जी तरीके से डीसीए/ पीजीडीसीए डिप्लोमा प्राप्त कर लिया। सीएसपी निरंजन सिंह राजपूत ने बताया कि जांच में सभी प्रमाणपत्र फर्जी पाए गए हैं। आरोपियों ने न तो पढ़ाई की और न परीक्षा दी, बल्कि साठगांठ कर डिप्लोमा हासिल किया। साक्ष्यों के आधार पर एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### पंजाब के डीजीपी और सेना के अधिकारियों ने अमृतसर के विस्फोट स्थल का किया दौरा

# पंजाब में दो धमाकों के बाद डीजीपी का दावा, आईएसआई की साजिश की आशंका

**अमृतसर, जेएनएन।** पंजाब में जालंधर और अमृतसर में हुए धमाके के बाद पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने कि ऐसा लगता है कि पाकिस्तान की आईएसआई 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ से पहले राज्य में हालात बिगाड़ने की कोशिश कर रही है। डीजीपी यादव ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, 'मैं अमृतसर गया था, जहां मैंने कल सेना क्षेत्र में हुए कम तीव्रता वाले धमाके वाली जगह का मुआयना किया। घटनास्थल का दौरा करने के बाद, मैंने सेना के अधिकारियों से मिलकर आपसी सुरक्षा चिंताओं पर चर्चा की। इसके बाद, मैंने अमृतसर कमिश्नरेट और सीमा रेंज के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकें कीं, ताकि सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की जा सके और आवश्यक निर्देश दिए जा सकें।' मंगलवार रात करीब 10:50 बजे खासा आर्मी कैंप की चारदीवारी के पास कम तीव्रता वाले धमाके की सूचना मिली। यह घटना जालंधर में बीएसएफ मुख्यालय के पास हुए एक धमाके के ठीक दो घंटे बाद हुई। डीजीपी ने आगे बताया कि अमृतसर ग्रामीण के एसएसपी सहित पंजाब पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे, जबकि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के बम निरोधक दस्ते और फोरेंसिक टीमों को भी तैनात किया गया। उन्होंने कहा कि इलाके को पूरी तरह से



सैनिटाइज किया गया और वैज्ञानिक जांच के लिए प्रदर्शनी सामग्री और नमूने इकट्ठा किए गए। कानून की संबंधित धाराओं के तहत एक एफआईआर दर्ज की गई है। सेना और अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर जांच आगे बढ़ रही है। हम सभी स्रोतों से जानकारी जुटा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि कई टीमें काम पर लगी हुई हैं, जो ह्यूमन इंटेलिजेंस, टेक्निकल इंटेलिजेंस और फोरेंसिक सबूतों का विश्लेषण कर रही हैं।

**जांच के लिए एनआईए की टीम पहुंची:** इधर, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक टीम घटना के बारे में अधिक जानकारी जुटाने और पंजाब पुलिस को जांच में सहायता करने के लिए जालंधर पहुंच चुकी है।

### अब्दुल्ला के विवादित बोल 'धमाके नई बात नहीं'

**श्रीनगर, जेएनएन।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने



बुधवार को पंजाब में हाल ही में हुए दोहरे धमाकों पर बात करते हुए कहा कि भारत में ऐसी घटनाएं आम बात हैं। पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में डॉ. फारूक ने कहा, 'हिंदुस्तान में धमाके होते रहते हैं, इसमें कौन सी नई बात है?'

### सीएम मान का आरोप- भाजपा की चुनावी साजिश

पत्रकारों को संबोधित करते हुए सीएम मान ने दावा किया कि इन छोटे धमाकों की जांच चल रही है। यह पंजाब में चुनावों के लिए भाजपा की तैयारियों का हिस्सा है। जिस भी राज्य में उन्हें चुनाव लड़ना होता है, वे पहले दंगे भड़काते हैं, छोटे पैमाने पर धमाके करवाते हैं, आपस में झगड़े करवाते हैं, और लोगों को धर्म और जाति के आधार पर बांटते हैं। इसका मतलब है कि ये पंजाब के लिए भाजपा की तैयारियां हैं। उन्होंने आगे कहा कि पूरी तरह से शांति बनाए रखी जाएगी, कानून-व्यवस्था



सुनिश्चित की जाएगी और दोषियों को कड़ी सजा दी जाएगी।

**मान अजीब बात कह रहे:** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मीडिया से कहा, 'पंजाब न सिर्फ एक सेंसिटिव बॉर्डर वाला राज्य है, बल्कि बॉर्डर पार हिंसा से भी इसका पुराना नाता रहा है। सोशल मीडिया पर खालिस्तान लिबरेशन आर्मी ने तो जालंधर हमले की जिम्मेदारी भी ली है। इसलिए, यह और भी दुख की बात है कि पंजाब के मुख्यमंत्री मान साहब अजीब बात कह रहे हैं।

# सगाई टूटी तो मंगेतर की मां को खाई में धकेल की हत्या

### मंदिर दर्शन के बहाने मां-बेटी को ले गया था आरोपी





**जागरण, इंदौर।** प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर के महू में हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। सगाई टूटने से नाराज युवक ने मंगेतर की मां को गहरी खाई में धक्का देकर उसकी हत्या कर दी। खाई 200-250 फीट गहरी है, जिससे महिला का शव निकालने के लिए पुलिस को तीन घंटे तक काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसके बाद महिला के शव को बाहर निकाला जा सका।

घटना मंगलवार शाम बड़गोंदा थाना क्षेत्र के छोटा अमरनाथ इलाके की है। मृतका की पहचान किरण चौबे के रूप में हुई है, जो मूल रूप से महोबा (उप्र) की रहने वाली थीं और पीथमपुर की एक कंपनी में काम करती थीं। उनके पति अवध बिहारी चौबे एमपीईबी में काम करते हैं। वर्तमान में अवध ब्रेन हेमरेज के चलते इंदौर के एमवाय अस्पताल में भर्ती हैं। वारदात के बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। किरण के बेटे अनुराग चौबे ने पुलिस को बताया कि बहन की सगाई बगोदा निवासी राहुल अटेरिया से तय की थी लेकिन अनुराग और उसके पिता को ये रिश्ता पसंद नहीं था। इसके चलते उन्होंने सगाई तोड़ दी। शुरुआत में मां इस रिश्ते के पक्ष में थीं। बाद में उन्होंने भी शादी से इनकार कर दिया था। इसी बात पर राहुल नाराज था।

## 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की द्वितीय परीक्षा आज से

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार द्वारा एमपी बोर्ड के परीक्षा परिणाम में असफल हुए विधार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए द्वितीय परीक्षा का अवसर दिया है। इसके लिए 7 मई से परीक्षाएं प्रारम्भ होगी। जानकारी के अनुसार 10 वीं और 12 वीं बोर्ड द्वितीय परीक्षा के लिए 624 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है,जिसमें 4.89 लाख अनुत्तीर्ण छात्रों में से 3.42 लाख परीक्षा में शामिल होंगे। हालांकि 30 प्रतिशत असफल छात्रों ने द्वितीय अवसर से दूरी बनाई है। राजधानी भोपाल में इसके लिए 24 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। संवेदनशील और असंवेदनशील केन्द्रों की पहचान कर वहां विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैं हर विद्यार्थी को ये कह रहा हूं कि एक परिणाम आपके पूरे भविष्य की कहानी तय नहीं कर सकता। प्रदेश सरकार की ओर से यह अवसर इसी दिशा में एक विशेष पहल है। ये महज योजना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सपनों को फिर से उड़ान देन का संकल्प है। यह उन बच्चों के लिए उम्मीद की नई किरण है। जो 10वीं या 12वीं की बोर्ड परीक्षा में किसी कारणवश अनुत्तीर्ण हो गए या परीक्षा नहीं दे पाए।

## बालगृह के बाथरूम की ग्रिल तोड़कर 3 बच्चे भागे, हड़कंप

**जागरण, उज्जैन।** शहर के नागझिरी क्षेत्र स्थित लालपुर बालगृह से तीन नाबालिग बच्चे बाथरूम की ग्रिल तोड़कर फरार हो गए हैं। इसके बाद स्टाफ में हड़कंप मच गया। तुरंत पूरे इलाके में बच्चों की तलाश शुरू की गई, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। दरअसल बुधवार शाम 7 बजे जब बालगृह में बच्चों की गिनती की गई, तो तीन बच्चे कम पाए गए। जांच में सामने आया कि बच्चे बाथरूम की ग्रिल तोड़कर फरार हुए हैं, जिससे बालगृह की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक भागने वाले बच्चों में दो उज्जैन और एक शाजापुर का बताया जा रहा है। उज्जैन के दोनों बच्चे करीब 6 महीने से यहां रह रहे थे, जबकि शाजापुर का बच्चा एक हफ्ते पहले ही बालगृह में लाया गया था। घटना की सूचना नागझिरी थाने को दी गई। पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और शहर के अन्य संभावित स्थानों पर सर्चिंग अभियान चलाया, लेकिन देर रात तक तीनों बच्चों का पता नहीं चल पाया। इससे पहले 20 जनवरी 2026 को भी दो नाबालिग बच्चे बाथरूम की ग्रिल और वेंटिलेशन तोड़कर फरार हुए थे, उनका अब तक भी पता नहीं चल सका है।




**नागझिरी थाना पुलिस ने चलाया सर्चिंग अभियान नहीं चल पाया पता**

# मंत्रियों की वजह से तबादला नीति में देरी

**विशेष संवाददाता भोपाल।** प्रदेश में अधिकारी कर्मचारियों के तबादलों पर लगी रोक जल्द हटाई जा सकती है। इसके लिए अगली कैबिनेट में नई तबादला नीति को मंजूरी मिल सकती है। सूत्रों की माने तो सरकार के मंत्री अपने विभाग और प्रभार के जिलों में पूरी तरह से तबादलों के अधिकार चाहते हैं,जिसकी वजह से सामान्य प्रशासन विभाग को नीति बनाने में देरी लग रही है। जानकारों की माने तो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रियों और विधायकों के आग्रह पर सामान्य प्रशासन विभाग को नई तबादला नीति तैयार कर उसे कैबिनेट में लाने के निर्देश दिए थे। लेकिन जीएडी अब तक नीति को अंतिम रूप नहीं कर सकी। पिछली कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को जल्द नीति तैयार करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासनिक सूत्रों की माने तो सरकार के मंत्री चाहते है कि इस बार स्थानांतरण में उन्हें पूर्ण अधिकार मिलने चाहिए। अपने प्रभार के जिलों में पहले ही तरह उनकी अनुशंसा पर तबादले हो,तो विभागों में भी उनके द्वारा तय मापदण्ड के अनुरुप ही स्थानांतरण किए जाए। बताया गया है कि जीएडी चाहती है कि विभागों में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों की संख्या की तुलना में केवल 10 प्रतिशत ही तबादले किए जाए,लेकिन मंत्री ये प्रतिशत बढ़ाना चाहते है। बताया गया है कि इस फेरबदल में उन अधिकारी कर्मचारियों को स्थानांतरित नहीं किया जाएगा,जो जनगणना के कार्य से संबद्ध है। इसी तरह ऐसे अधिकारी कर्मचारियों के ही तबादले किए जाएंगे,जो पिछले तीन वर्षो से एक ही स्थान पर पदस्थ हैं। गंभीर बीमारी व अन्य दूसरे संवेदनशील परिस्थितियों से जूझ रहे अधिकारी कर्मचारियों को भी स्थानांतरण का लाभ दिया जा सकता है। जानकारों की माने तो अगली कैबिनेट की बैठक में नई तबादला नीति मंजूर हो जाएगी और 15 मई से तबादले के आवेदन स्वीकार होने लगेंगे। ये तबादले 15 जून तक होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को यदि उचित लगेगा,तो तबादलों पर रोक की अवधि अगले 15 दिनों यानि कि 30 जून तक के लिए और बढ़ाई जा सकती है।

### घूरकर देखने पर पड़ोसी की गोली मारकर हत्या

**जागरण, ग्वालियर।** प्रदेश के ग्वालियर में घूरकर देखने की मामूली बात पर दो पड़ोसियों में विवाद हो गया। इस बीच एक पक्ष ने रायफल से करीब 20 राउंड फायर किए, जिसमें एक शख्स की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छर्रे लगने से उसकी पत्नी और एक बेटा घायल है। दूसरे बेटे को लाठी लगी है। घटना देर रात मुरार थाना क्षेत्र के बड़ा गांव खुरैरी इलाके की है। वारदात के बाद इलाके में पुलिस बल तैनात है। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी हमलावर फरार हो गए।

## मालीखेड़ी में धूं-धूं कर जला कबाड़ का गोदाम, मचा हड़कंप

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** छोला मंदिर इलाके में स्थित मालीखेड़ी में एक कबाड़ गोदाम में बुधवार दोपहर अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। इससे हड़कंप मच गया। इससे गोदाम में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। मौके पर पहुंची नगर निगम की पांच फायर बिग्रेड ने एक घंटे में आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों ने आग लगने की वजह नरवाई बताई है। नरवाई जलाने से आग कबाड़ गोदाम तक पहुंची होगी। छोला मंदिर पुलिस इस मामले में आगजनी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, मालीखेड़ी में देवेंद्र पाल (40) पिता बाबूलाल पाल निवासी चांदबाड़ी स्टेशन बजरिया का कबाड़ का गोदाम है। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे गोदाम में अचानक आग लग गई। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग ने विकराल रूप ले लिया। हालांकि आग लगने की वजह सामने नहीं आई है। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। छोला मंदिर स्टेशन और गांधीनगर से दमकलें आई थीं। दमकलकर्मियों ने पानी की बौंछारें मारकर आग पर काबू पाया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तब तक टीनशेड का गोदाम पूरी तरह से जल चुका था। फिलहाल नुकसान का आंकलन नहीं गया है। वहीं गोदाम से लगा देवेंद्र विश्वकर्मा का मकान है। आग की वजह से देवेंद्र के घर की दीवारें भी चटक गईं। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि जिस जगह पर कबाड़ का गोदाम है, उसके आसपास खेत लगे हैं।

**इतिहास की बड़ी खोज** | केन्या के 'कूबी फोरा' से मिले सबूत बताते हैं क्यों जरूरी था मांस सेवन

# 16 लाख साल पहले के भोजन की सुलझी गुत्थी

**केन्या, जेएनएन।** विज्ञान की दुनिया में दशकों से एक बहस चली आ रही है कि क्या हमारे शुरुआती पूर्वज खूंखार शिकारी थे जो खुद अपना शिकार मारते थे, या वे केवल अन्य शिकारियों (जैसे शेर या तेंदुए) द्वारा छोड़े गए मांस पर निर्भर रहने वाले 'मुर्दाखोर' थे? 16 लाख साल पुराने अवशेषों पर किए गए एक नए शोध ने अब इस गुत्थी को सुलझाते हुए चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। केन्या की प्रसिद्ध 'कूबी फोरा' संरचना, जो मानव विकास के साक्ष्यों का खजाना मानी जाती है, वहां से मिले जीवाश्मों का वैज्ञानिकों ने गहन विश्लेषण किया। 'प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज' (पीएनएएस) में प्रकाशित इस अध्ययन में 1.6 मिलियन साल पुरानी जानवरों की हड्डियों, पत्थरों के औजारों के निशानों और आदिमानवों के दांतों की जांच की गई।



### हड्डियों पर मिले 'कट मार्क्स' की कहानी

शोधकर्ताओं ने पाया कि प्राचीन जानवरों की हड्डियों पर पत्थरों के औजारों से बने 'कट मार्क्स' (काटने के निशान) मौजूद थे। इसके साथ ही 'परकशन मार्क्स' भी मिले, जो यह दर्शाते हैं कि हड्डियों को भारी पत्थरों से मारकर तोड़ा गया था ताकि उनके भीतर मौजूद पौष्टिक 'मज्जा' निकाला जा सके। अध्ययन की सबसे बड़ी बात यह है कि ये निशान उन हिस्सों पर पाए गए जहां मांस और वसा की मात्रा सबसे अधिक होती है।

### न तो शिकार न ही पूरी तरह मुर्दाखोरी

प्रमुख शोधकर्ता और जैविक मानवविज्ञानी फ्रांसिस फॉरेस्ट के अनुसार, हमारे पूर्वज न तो पूरी तरह शिकारी थे और न ही पूरी तरह मुर्दाखोर। उन्होंने एक 'फ्लेक्सिबल' (लचीली) रणनीति अपनाई थी। वे अक्सर शिकार के तुरंत बाद शव तक पहुंच जाते थे या शिकारियों से उनका मांस छीन लेते थे। वे मांस के सबसे पौष्टिक हिस्सों को काटकर दूसरी सुरक्षित जगहों पर ले जाते थे ताकि आराम से उसे प्रोसेस कर सकें। जब शिकार उपलब्ध नहीं होता था, तब वे मुर्दाखोरी का सहारा भी लेते थे।

**मांस खाने से कैसे बदला इंसान का भविष्य?:** वैज्ञानिकों का मानना है कि मांस का सेवन मानव विकास में एक 'टर्निंग पॉइंट' था। मांस और वसा से मिलने वाली उच्च कैलोरी और प्रोटीन ने आदिमानवों के दिमाग के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके लिए उन्हें बेहतर औजारों के साथ आपसी सहयोग और सामाजिक एकता की भी जरूरत थी, जिसने अंततः आधुनिक मानव समाज की नींव रखी।

# मुकेश अंबानी लाएंगे 'देसी स्टारलिंक' लो अर्थ ऑर्बिट प्रोजेक्ट में करंगे निवेश

### स्टारलिंक से मुकाबले की तैयारी, रिलायंस ने बनाईं 6 स्पेशल टीमें

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इंटरनेट की दुनिया में भारत स्टारलिंक का जवाब पेश करने की तैयारी कर रहा है। दरअसल रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सैटेलाइट कम्युनिकेशन स्पेस में कदम रखने का मन बना लिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार रिलायंस लो अर्थ ऑर्बिट सैटेलाइट्स में अरबों डॉलर निवेश करने की योजना बना रहा है। इससे भारत अपना खुद का सैटलाइट इंटरनेट नेटवर्क खड़ा कर सकेगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, रिलायंस अपनी टेलिकॉम यूनिट जियो प्लेटफार्म के तहत सैटेलाइट प्रोजेक्ट को खड़ा करना चाह रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसके लिए जियो ने छह अलग-अलग टीमें बनाई हैं, जो सैटेलाइट्स, लॉन्चिंग, पेलोड और यूजर टर्मिनल्स जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर काम कर रही हैं। कुछ महीनों से इस पर युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। इस सिलसिले में रिलायंस कई सैटेलाइट टेक्नोलॉजी फर्मों के साथ बैठकें कर रही है। कंपनी किसी बनी-बनाई सैटेलाइट कंपनी को खरीदने के विकल्पों पर भी विचार कर रही है।



### भारत को डिजिटल संप्रभुता मिलेगी

भारत सरकार चाहती है कि देश का अपना सैटेलाइट कम्युनिकेशन सिस्टम हो। वहीं अगर सैटेलाइट इंटरनेट सर्विसके लिए स्टारलिंक जैसी दूसरे देशों की तकनीक पर निर्भर रहा जाए, तो यह डेटा प्राइवेसी के लिए गंभीर खतरा साबित हो सकता है। अपना सैटेलाइट सिस्टम होने से भारत को डिजिटल संप्रभुता मिलेगी और डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या.** : 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।